RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 | अंक-229 | जयपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026 | मूल्य-4 रूपये

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम मोदी ने मिलकर टाटा-एयरबस की ॥-125 हेलिकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया

# भारत पर भरोसा इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं:मैक्रों भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा:मोदी

मुंबई

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे हैं। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे।



### राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों

राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में ₹20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### भारत-फ्रांस आतंकवाद खत्म करने के लिए साथ हैं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों लोकतंत्र, कानून का पालन और ऐसी दुनिया में भरोसा रखते हैं जहां कई ताकतें मिलकर संतुलन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मानना है कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है, तभी दुनिया की बड़ी समस्याओं का हल निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो, पश्चिम एशिया हो या इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, हर जगह शांति के प्रयासों का भारत और फ्रांस समर्थन करते रहेंगे। दोनों देश हर तरह के आतंकवाद को खत्म करने के लिए भी साथ हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा एयरबस की एच125 लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर की लास्ट असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने इस परियोजना को भारत-फ्रांस साझेदारी का उदाहरण बताते हुए कहा कि यह कदम दोनों देशों के तकनीकी सहयोग और रक्षा उद्योग में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि भारत का एक भरोसेमंद साझेदार है। फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में विश्वास रखता है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस रणनीतिक स्वायत्तता यानी अपने फैसले खुद लेने और स्वतंत्र नीति पर चलने में भरोसा रखता है।

### मोदी बोले- भारत-फ्रांस साझेदारी आम लोगों की पार्टनरशिप में बदली

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर की शुरुआत के साथ दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी अब आम लोगों की साझेदारी में बदल रही है। इनोवेशन अकेले संभव नहीं है, इसके लिए साथ मिलकर काम करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस इनोवेशन ईयर के दौरान दोनों देशों का लक्ष्य लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। चाहे रक्षा का क्षेत्र हो, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष या नई तकनीकें, हर क्षेत्र में दोनों देश अपने उद्योगों और इनोवेटर्स को एक-दूसरे से जोड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप और छोटे व मध्यम उद्योगों के बीच मजबूत नेटवर्क बनाया जाएगा। साथ ही छात्रों और शोधकर्ताओं के बीच आदान-प्रदान आसान किया जाएगा और जॉइंट इनोवेशन के लिए नए सेंटर भी खोले जाएंगे।

### मैक्रों बोले- भारत से साझेदारी को स्पेशल स्ट्रैटेजिक साझेदारी में बदलेंगे

मैक्रों ने कहा कि मेरे चौथे भारत दौरे पर स्वागत करने के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद। हमने ये भी फैसला किया है कि इस साझेदारी को स्पेशल स्ट्रैटेजिक साझेदारी में बदलेंगे। हम पिछले 8 सालों से यही कर रहे हैं।

स्पेशल स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का मतलब है दो देशों के बीच ऐसी खास और मजबूत साझेदारी, जिसमें वे लंबे समय तक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करते हैं। इसमें दोनों पक्ष रक्षा, व्यापार, तकनीक या सुरक्षा जैसे जरूरी मामलों में एक-दूसरे की मदद करते हैं।

## विधानसभा घेरने निकले कांग्रेस नेताओं पर बरसाई लाठियां



### पुलिस ने पानी की बौछार की

जयपुर

विधानसभा घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं पर पुलिस ने पानी की बौछार की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

दरअसल, राजस्थान कांग्रेस के खेलकूद प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता 22 गोदाम स्थित सहकार भवन पर इकट्ठा हुए थे। यहां से रैली के रूप में निकले, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने कहा- प्रदर्शन में 12 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को चोट आई है। पुलिस ने आज बर्बरता पूर्वक हम पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल कर लाठियां बरसाई। हम डरने वाले नहीं हैं। पुलिस गोलियां चलाएगी तो भी हम युवाओं की आवाज को उठाते रहेंगे।

इससे पहले 22 गोदाम पर सभा के दौरान पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल रहे। मंच पर डोटासरा ने गमछा लहराकर डांस भी किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज दोपहर डेढ़ बजे जैसे ही विधानसभा की ओर बढ़ने का प्रयास किया, पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी।

## राजस्थान-हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने 8 जजों को किया एपीओ

बम की धमकी के बीच अचानक लोअर कोर्ट पहुंचे जस्टिस शर्मा, कुछ घंटे बाद एक्शन

जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने 8 जजों को एपीओ कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया। इसके कुछ देर बाद हाईकोर्ट रजिस्ट्रार की ओर से प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए एपीओ करने का आदेश जारी कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ जज कोर्ट टाइम होते हुए भी चैंबर में फैसले लिखवा रहे थे। जबकि सभी जजों के लिए चैंबर टाइम और कोर्ट टाइम निर्धारित होता है। हालांकि, एपीओ आदेश में कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है।



दरअसल, मंगलवार सुबह जोधपुर के झालामंड स्थित हाईकोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हाईकोर्ट प्रशासन को ईमेल मिला था, जिसमें परिसर में बम होने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर को खाली कराया गया। इस कारण सुबह कामकाज प्रभावित रहा और डिस्प्ले बोर्ड पर सूचना जारी की गई कि अदालत की कार्यवाही 11:30 बजे से शुरू होगी।

### कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का औचक निरीक्षण

सुरक्षा जांच के बीच कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सुबह ही हाईकोर्ट हेरिटेज बिल्डिंग परिसर में पहुंच गए। उन्होंने वहां स्थित विभिन्न जिला, महानगर और अन्य अधीनस्थ न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कोर्ट रूम खाली पाए गए और कई न्यायिक अधिकारी सीट पर नहीं मिले। अनुशासन और समयबद्धता को लेकर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया।

### सीट पर नहीं मिले 8 जज, एपीओ

निरीक्षण के तुरंत बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हाईकोर्ट पहुंचे। कुछ देर बाद ही हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा की ओर से आदेश जारी कर 8 न्यायिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से 'पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा' में रख दिया गया। एपीओ किए गए इन अधिकारियों में से अजय शर्मा को राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में अपनी उपस्थिति देने को कहा गया है। वहीं शेष 7 अधिकारियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जोधपुर जिला के मुख्यालय पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पंजाब सीएम को जहरीला केमिकल देने का दावा खालिस्तानी आतंकियों ने धमकी दी, भर्ती हुए

मोहाली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ईमेल भेजकर धमकी दी कि ष्टरू मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे।

सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी।

मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा।



### रेडियोएक्टिव पदार्थ है पोलोनियम

सीएम मान को जिस पोलोनियम केमिकल देने की बात सामने आई है, वह दुर्लभ रेडियोएक्टिव पदार्थ है। यह बहुत जहरीला होता है। हालांकि, ष्टरू को पोलोनियम से संक्रमित कब, कहां और कैसे किया गया, खालिस्तान नेशनल आर्मी की मेल में इसका कोई जिक्र नहीं है।

सीएम मान रविवार को ब्लड प्रेशर बढ़ने पर मोहाली फोर्टिस अस्पताल में भर्ती हुए थे। फिर सोमवार को डिस्चार्ज होकर मोगा में आप सरकार की नशा विरोधी रैली में हिस्सा लेने गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मोगा में सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें सोमवार शाम करीब 5 बजे उन्हें फिर मोहाली फोर्टिस में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने उनकी सेहत को लेकर कोई बुलेटिन जारी नहीं किया।


## ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर

जिम्बाब्वे सुपर-8 में:जिम्बाब्वे-आयरलैंड मैच बारिश से रद्द

केंडी

2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है।

एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी।



ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी।

## तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने, संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बने, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

ढाका

बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया।

तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे।



रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं।

### संविधान बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज

इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62% लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी।

पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला

बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40% कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। 'करप्शन रेट कार्ड' वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40% कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 1 जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है।

## 5 देशों के 14 पूर्व क्रिकेट कप्तानों की पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिख इमरान खान के इलाज की मांग रखी, इनमें सुनील गावस्कर, कपिल देव भी शामिल

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की खराब सेहत को लेकर 5 देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिखी है। 73 साल के इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं। इस चिट्ठी पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, डेविड गावर, किम ह्यूजेस, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट ने साइन किए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिग्गज कप्तानों ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से इमरान को उचित इलाज दिए जाने की अपील की है।



रिपोर्ट के मुताबिक, इस चिट्ठी पर किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि पिछले हफ्ते वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी समेत कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर इमरान के लिए उचित इलाज की मांग की थी। इमरान खान 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के कप्तान थे।

### इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म

क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक कम हो गई।

जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया था। डॉक्टरों ने पाया कि इमरान की आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15% रोशनी बची है। इमरान का कहना है उन्हें निजी डॉक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है।


## एआई समिट में भीड़ और अव्यवस्था से डेलीगेट्स परेशान

सामान चोरी हुआ, घंटों कतार में खड़े रहे, आईटी मिनिस्टर वैष्णव ने माफी मांगी

नई दिल्ली

दिल्ली के भारत मंडपम में दुनिया के सबसे बड़े टेक इवेंट में से एक 'ढ्ढ इम्पैक्ट समिट 2026' चल रहा है। इसके पहले दिन 16 फरवरी को हुई अव्यवस्थाओं पर केंद्र सरकार ने माफी मांगी है।

पहले दिन हजारों की संख्या में स्टार्टअप फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स और विदेशी डेलीगेट्स पहुंचे थे। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा के कारण एंट्री पॉइंट्स पर लंबी कतारें लग गईं। ग्लोबल टेक कंपनियों के प्रतिनिधि और डेलीगेट्स को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ के सामान भी चोरी हुए।



### 70 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे, भीड़ से बिगड़े हालात

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज 17 फरवरी को कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी ढ्ढ समिट है। पहले दिन ही 70 हजार से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचे। अब इंतजाम ठीक हैं, लेकिन अगर कल किसी को परेशानी हुई तो हम उसके लिए माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुझावों के लिए तैयार है और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है। 'वॉर रूम' एक ऐसा कंट्रोल सेंटर होता है जहां से पूरे वेन्यू की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाती है।

# गोरखपुर पहुंचे भागवत ने कहा, समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से

**गोरखपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गोरखपुर दौरे के दौरान सामाजिक सद्भाव सम्मेलन को संबोधित किया। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने तारामंडल स्थित बाबा गंभीरनाथ सभागार में प्रमुख नागरिकों और स्वयंसेवकों को संबोधित किया। सम्मेलन से पहले भागवत ने दीप प्रज्वलित कर संघ की 100 वर्षीय यात्रा और 'पंच परिवर्तन' विषय पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

भागवत ने कहा कि समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में रिश्तों को लेन-देन के रूप में देखा जाता है, जबकि भारत में मानवीय संबंध अपनेपन और आत्मीयता की भावना पर आधारित हैं। भारत को सद्भाव और सामाजिक समरसता का वैश्विक केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि देश की सभ्यतागत सोच एकता और आपसी जुड़ाव में निहित है। भारत की विविधता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि रीति-रिवाजों, पहनावे और परंपराओं में भिन्नता विभाजन का कारण नहीं बनती, क्योंकि हमारी सांस्कृतिक एकता हमें एक सूत्र में बांधती है। हम भारत को माता मानते हैं और एक ही दिव्य चेतना हम सभी में विद्यमान है, जो भिन्न पहचानों के बावजूद हमें एकजुट रखती है।

उन्होंने कहा कि समाज को केवल कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव भी स्थिर बनाए रखता है। संघ के 100 वर्ष पूरे होने को उन्होंने उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का अवसर बताया। सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने वर्ष में दो-तीन बार ब्लॉक स्तर की बैठकों के आयोजन का आह्वान किया तथा समुदायों से जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर व्यापक हिंदू समाज के हित में कार्य करने की अपील की।



## कश्मीर से हरियाणा तक फैला 'अंसार अंतरिम' नेटवर्क... डॉक्टर और धार्मिक नेता शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में लाल किला ब्लास्ट मामले में साजिश की परतें खुल रही हैं। जांच एजेंसियां लगातार इसमें नए-नए खुलासे कर रही है। बताया जा रहा है कि वे पारंपरिक आतंकी ढांचे से अलग एक कथित 'व्हाइट-कॉलर टेरर' नेटवर्क की तरह काम कर रहे हैं। एनआईए ने बताया कि यह मॉड्यूल 'अंसार इंटरिम' नाम से संचालित हो रहा था। इस मॉड्यूल में पढ़े-लिखे और पेशेवर पृष्ठभूमि वाले लोगों की संलिप्तता सामने आई है। जांच एजेंसियों (एनआईए) के रडार पर इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड 28 वर्षीय डॉक्टर उमर-उन-नबी है। वह कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि एक पढ़ा-लिखा डॉक्टर है। सूत्रों के अनुसार, उमर 2016 से ही कट्टरपंथी विचारधारा की ओर झुका था। साल 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान नबी ने 'अंसार इंटरिम' नामक संगठन की नींव रखी। इस समूह का मकसद पारंपरिक आतंकवाद से अलग, पढ़े-लिखे लोगों का एक ऐसा जाल बुनना था जो सिस्टम की नजरों से बचकर काम कर सके। इस जांच में सबसे चौंकाने वाला मोड़ हरियाणा कनेक्शन है। पता चला है कि इस नेटवर्क ने घातक टीएटीपी जैसे विस्फोटक हरियाणा के गुप्त ठिकानों पर तैयार किए थे। इनका प्लान बेहद खौफनाक था कि एक वाहन-जनित आईईडी के जरिए दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके को राख में तब्दील करना। बात दें कि मामले में एनआईए ने अब तक कई ऐसी गिरफ्तारियां की हैं जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के कान खड़े कर दिए हैं। पकड़े गए लोगों में नामी डॉक्टर और धार्मिक नेता शामिल हैं। यह इसका प्रमाण है कि कट्टरपंथ अब सिर्फ सरहदों या जंगलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों तक पहुंच चुका है।

## सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता की मुहिम का दिखा असर... पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

मानसा(एजेंसी)। दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता की इंसाफ की मांग को लेकर शुरू की गई मुहिम अब रंग लाती दिख रही है। सूत्रों के मुताबिक, मानसा के एसएसपी ऑफिस के बाहर हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आकर मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और मां चरण कौर काफी समय से आरोप लगा रहे हैं कि कुछ लोग सिद्धू के काम और कमाई में हेरफेर कर रहे हैं। परिवार ने मूसेवाला के करीबी म्यूजिक प्रमोटर बंटी बैंस और वन डिजिटल एंटरटेनमेंट कंपनी के मालिक शब्बीर मोमिन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। परिवार का कहना है कि वे बीते 6 महीने से लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। आखिर में उन्हें मजबूर होकर मानसा के एसएसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी तक आधिकारिक रुप से नहीं बताया गया है कि इसमें कौन सी धाराएं लगाई गई हैं और किन लोगों के नाम हैं।

## पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के दौरे पर निकली चुनाव आयोग की टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग सोमवार से इन राज्यों का दौरा शुरू करेगा है। पहली विजिट असम में होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में टीम गुवाहाटी लैंड करेगी। आयोग की यहां से वापसी 18 फरवरी को होगी। इसके बाद तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों का दौरा शुरू होगा। इसमें चार राज्यों की विधानसभा का कार्य और पुडुचेरी का जून में खत्म हो रहा है। सबसे पहले 7 मई को बंगाल विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि बीते साल बिहार में चुनावों की घोषणा 6 अक्टूबर 2025 को की गई थी। दो चरणों में हुए बिहार में चुनावी प्रक्रिया 16 नवंबर को खत्म हो गई थी। जबकि बिहार की विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर तक था। यह देखकर इन पांच राज्यों में भी मार्च के पहले सप्ताह के बाद ही चुनावों की घोषणा होने की उम्मीद है। बात दें कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होते हैं। इसके पहले चुनाव आयोग की टीम उस राज्य का दौरा करती है। इसका मकसद वहां कानून-व्यवस्था से लेकर शांतिपूर्वक चुनावी प्रक्रिया पूरी कराने के लिए तैयारियों का जायजा लेती है। इसमें तमाम राजनीतिक दलों, पुलिस-प्रशासन और अन्य संबंधित तमाम स्टेक होल्डरों के साथ बैठक करना शामिल होता है। इसमें संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की संख्या भी पता की जाती है कि वह कितनी बढ़ी या कम हुई हैं। इसके अलावा मतदान के लिए कितने पोलिंग बूथ होने चाहिए ताकि मतदाताओं को वोट देने के लिए अधिक दूर ना जाना पड़े। इन तमाम चीजों का ध्यान रखते हुए यह विजिट की जाती है।

## रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें फायरिंग करने वाला मुख्य शूटर राजस्थान से पकड़ा गया। अन्य आरोपी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, फायरिंग की जिम्मेदारी कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शुभम लोनकर ने ली थी। उसने फायरिंग की बात स्वीकार की और रोहित शेट्टी को जान से मारने की धमकी भी दी। जांच में सामने आया कि आरोपियों को मुंबई पहुंचने के बाद भी पैसे भेजे गए थे। प्रारंभिक जांच में 40 हजार रुपये देने की बात सामने आई थी, लेकिन पूछताछ में पता चला कि कुल 51 हजार रुपये दिए गए थे, जिसमें वारदात में इस्तेमाल की स्कूटी की खरीद भी शामिल थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने मामले की गहनता से जांच करने के लिए घटना स्थल पर सीन रिक्रिएट किया और स्कूटी के आने-जाने के रास्तों, आसपास के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पैसे अलग-अलग किस्तों में भेजे गए ताकि पुलिस को शक न हो। जांच के दौरान, पुलिस ने रोहित शेट्टी के साथ-साथ अभिनेता रणवीर सिंह के मैनेजर का भी बयान दर्ज किया। पुलिस का मानना है कि यह घटना केवल डराने के उद्देश्य से नहीं की गई थी। मैनेजर को भेजे गए धमकी भरे वॉयस कॉल में रोहित शेट्टी का नाम भी लिया गया था और चेतावनी दी गई थी कि 'यह सिर्फ ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। यह ऑडियो कथित रूप से बिश्नोई गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर का बताया जा रहा है।

## क्या दूषित पानी बना काल? पलवल में 15 दिन में 5 बच्चों समेत 12 की मौत

पलवल(एजेंसी)। हरियाणा के पलवल जिले के चायंसा में 15 दिनों में पांच बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जिसके चलते दूषित पेयजल और संक्रामक रोगों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि जनवरी के आखिर और फरवरी के बीच तक हुई मौतें गंभीर यकृत संबंधी जटिलताओं से जुड़ी थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में वायरल हेपेटाइटिस और पानी के संभावित संदूषण की ओर इशारा मिला है। 31 जनवरी को चायंसा गांव में पीलिया से संबंधित मौतों की पहली रिपोर्ट दर्ज की गई, जिसकी आबादी 5,700 लोग और 865 परिवार हैं। एक दिन बाद ही त्वरित प्रतिक्रिया दल को तैनात किया गया। इसके बाद चिकित्सा शिविर, घर-घर सर्वेक्षण और ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की गई। सात मौतें 27 जनवरी से 11 फरवरी के बीच हुईं। इनमें से चार मौतें तीव्र हेपेटाइटिस या लिवर फेलियर के कारण हुईं। मृतकों की आयु 9 से 65 वर्ष के बीच थी। बाद में रिपोर्ट की गई अन्य मौतों की समीक्षा की जा रही थी। ज्यादातर रोगियों ने अपनी स्थिति बिगड़ने से पहले बुखार, पेट दर्द, उल्टी और पीलिया की शिकायत की थी। बता दें मध्य प्रदेश के इंदौर में पिछले महीने जहरीले पानी से हुई मौत के कुछ हफ्तों बाद इन मौतों की खबरें सामने आई हैं, जिससे पूरे देश में दूषित पेयजल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पलवल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग और जांच चल रही है। उन्होंने कहा अब तक मृतक के करीबी संपर्कों समेत करीब 1,500 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। करीब 800 बाह्य रोगी परामर्श किए गए हैं और हेपेटाइटिस ए, बी, सी और ई के लिए रक्त के नमूनों की जांच की गई है। 210 लोगों के रक्त विश्लेषण में हेपेटाइटिस बी के दो और हेपेटाइटिस सी के नौ मामले सामने आए। हेपेटाइटिस ए और ई के सभी नमूनों की जांच नेगेटिव आई। तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अब तक एकत्र 107 घरेलू जल नमूनों में से 23 गुणवत्ता जांच में विफल रहे, जो जीवाणु संदूषण और अपर्याप्त क्लोरीनीकरण का संकेत देते हैं।

## ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 9 मार्च को, सरकार बहुमत को लेकर आश्वस्त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को लोकसभा में चर्चा और मतदान हो सकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, कि बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन इस प्रस्ताव पर बहस कराई जाएगी और उसके बाद वोटिंग होगी।

संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने रविवार को कहा, कि सरकार इस मुद्दे को शीघ्र निपटाना चाहती है ताकि स्पीकर सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से संचालित कर सकें और सरकार अपने विधायी एजेंडे पर आगे बढ़ सके। उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को सदन में पर्याप्त समर्थन प्राप्त है। 542 सदस्यीय लोकसभा में एनडीए के पास 293 सांसदों का समर्थन है और कुछ अन्य दलों के सदस्यों का भी समर्थन मिलने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में सरकार को विश्वास है कि प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा।

सूत्रों के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन इस राजनीतिक विवाद को लंबा खींचने के पक्ष में नहीं है। माना जा रहा है कि सरकार स्पीकर के प्रति अपना समर्थन स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना चाहती है। हाल ही में सरकार ने बिरला को बांग्लादेश में शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिनिधित्व के लिए भेजने का निर्णय लिया, जिसे राजनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

उधर विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुटता बनाने की कोशिश में जुटा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे दलों के रुख पर नजर है। कांग्रेस ने कथित तौर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के प्रस्ताव का मुद्दा भी उठाया है, जबकि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ मुखर रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 9 मार्च की बहस सिर्फ संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार और विपक्ष के बीच शक्ति परीक्षण भी होगी। यदि प्रस्ताव गिरता है तो सरकार इसे अपनी मजबूती के संकेत के रूप में पेश करेगी, जबकि विपक्ष इसे निष्पक्षता और संसदीय परंपराओं के मुद्दे से जोड़कर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश करेगा।

# अपनी ही पार्टी के नेताओं से नाराज हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर अब अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं। उन्होंने इस दौरान तिरुवनंतपुरम सांसद शशि थरूर, वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा और जयराम रमेश का नाम लिया है। इतना ही नहीं उन्होंने दावा कर दिया कि कांग्रेस केरल विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। खास बात है कि कांग्रेस नेता अय्यर ने हाल ही में कहा था कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री बने रहने वाले है। मणिशंकर के बयान से कांग्रेस ने किनारा किया था।

एक इंटरव्यू में अय्यर ने पार्टी नेता पवन खेड़ा के बयान पर जमकर नाराजगी जाहिर की। इतना ही नहीं उन्हें कठपुतली करार दिया है। उन्होंने कहा, खेड़ा ने दो साल पहले कह दिया था कि मैं कांग्रेस का किसी भी तरह से प्रतिनिधित्व नहीं करता हूं। तब यह नया नहीं है। वह कांग्रेस की कठपुतली हैं, वह प्रवक्ता नहीं है। वह कुंठित आईएएस अफसर हैं, जो यहां आए हैं और बीते दो साल से मुझे गालियां दे रहे हैं। कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि कांग्रेस जीते, लेकिन मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस जीतेगी। क्योंकि कांग्रेस नेता आपस में बंटे हुए हैं। वे वामपंथियों से ज्यादा एक दूसरे से नफरत करते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अय्यर ने सांसद थरूर को पाकिस्तान विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि वह (थरूर) अगले विदेश मंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश को अपनी नौकरी बचानी है।

दरअसल अय्यर ने एक इंटरव्यू में भरोसा जताया कि माकपा नेता पिनराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री बने रहने वाले है। उन्होंने भारत को लेकर महात्मा गांधी के नजरिए को याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता ने एक इसतरह के देश की कल्पना की थी, जहां सबसे गरीब भी देश के प्रति अपनापन महसूस करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि यह विडंबनापूर्ण लग सकता है कि इस लक्ष्य की दिशा में सबसे सराहनीय प्रगति करने वाला राज्य केरल है, जहां भारत की मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी का शासन है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसलिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में, जिनके पद पर बने रहने का मुझे पूरा विश्वास है, मैं अपनी अपील दोहराता हूं, केरल को देश का सर्वश्रेष्ठ पंचायती राज वाला राज्य बनाने के लिए, राज्य कानून में व्यावहारिक अनुभव, थॉमस आइजैक की अंतर्दृष्टि, मेरे द्वारा अध्यक्षता की गई पांच खंडों वाली रिपोर्ट और वीके रामचंद्रन द्वारा जिला नियोजन पर योजना आयोग द्वारा प्रसारित नोट के आधार पर संशोधन किया जाना चाहिए।

### मैं नेहरू और राजीववादी हूं, पर राहुलवादी नहीं

कांग्रेस नेता अय्यर अपने विवादित बयानों से सोमवार को फिर पार्टी को असहज कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि वे गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हैं, लेकिन राहुलवादी नहीं हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसा कि वे भूल गए कि अय्यर पार्टी के सदस्य हैं। अय्यर ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी का हवाला दिया। आज कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है। पवन खेड़ा जैसे आदमी को पार्टी का आधिकारिक प्रवक्ता बना रखा है। आखिर पार्टी इतनी बड़ी मूर्खता कैसे कर सकती है, वे एक कठपुतली हैं।

अय्यर ने कहा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस की हालत क्या है। वेणुगोपाल जैसे शख्स को वह जिम्मेदारी दी गई है, जो कभी सरदार पटेल के पास थी। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आखिर इसतरह के दल को कौन वोट देना चाहेगा, जिसमें नेता आपस में लड़ रहे हैं। एक-दूसरे के गले काटने को तैयार हैं। क्या ये चीजें जनता को नहीं पता हैं। अय्यर ने कहा कि एक समय पर वह कांग्रेस भी थी, जब किसी फैसले को माना जाता था। नेहरू पीएम बने, तब सभी ने स्वीकार किया। यदि सुभाष चंद्र बोस की विमान हादसे में मौत नहीं होती, तब वे शायद राष्ट्रपति बनते।

इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु के नेता एमके स्टालिन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्टालिन ने सूट-बूट की सरकार या फिर वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे नहीं दिए। उन्होंने जरूरी मुद्दे उठाकर सरकार बनाई। यही नहीं अय्यर ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का अध्यक्ष यदि किसी नेता को बनना चाहिए, तब वे स्टालिन ही हो सकते हैं। तंज कसते हुए अय्यर ने कहा कि यदि पवन खेड़ा ही मुझे कांग्रेस से बाहर करते हैं, तब मैं खुद ही बाहर निकल जाऊंगा और खेड़ा को पीछे से लात मारूंगा।

# ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीकों को देख बिल गेट्स ने की सरकार की तारीफ

**-राज्य सचिवालय में सीएम नायडू ने किया गेट्स फाउंडेशन के सदस्यों का जोरदार स्वागत**

**अमरावती (एजेंसी)।** बिल गेट्स ने राज्य सचिवालय में आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण और अन्य प्रमुख मंत्रियों से मुलाकात की। आंध्र प्रदेश में सहयोगात्मक परियोजनाओं के विस्तार पर चर्चा के लिए गेट्स फाउंडेशन का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके साथ आया था। बिल गेट्स का सचिवालय के प्रथम ब्लॉक में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

सीएम नायडू ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का गेट्स से परिचय कराया। यात्रा के दौरान बिल गेट्स ने सचिवालय में रियल-टाइम गवर्नेंस केंद्र का निरीक्षण किया। सीएम नायडू ने उन्हें बताया कि आरटीजीएस प्रणाली किस प्रकार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सरकारी कार्यों की निगरानी और उन्हें बेहतर बनाती है। चर्चा में डिजिटल शासन के जरिए कई क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और वास्तविक समय के डेटा-आधारित प्रशासन के लिए आंध्र प्रदेश के मॉडल को प्रदर्शित किया।

आरटीजीएस दौरे के बाद, बिल गेट्स और उनके प्रतिनिधिमंडल ने सीएम, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और



कृषि क्षेत्रों में परियोजनाओं को मजबूत करना था, जिनमें गेट्स फाउंडेशन राज्य के साथ सक्रिय रूप से साझेदारी कर रहा है। नायडू ने राज्य का स्वर्णान्ध्र विजन 2047 प्रस्तुत किया, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में सुधारों और दीर्घकालिक लक्ष्यों की रूपरेखा पेश की गई। गेट्स ने नायडू के साथ अमरावती के पास उंडावल्ली गांव में एक कृषि क्षेत्र का दौरा भी किया। प्रतिनिधिमंडल ने ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए उन्नत कृषि पद्धतियों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शन से यह स्पष्ट हुआ कि कैसे प्रौद्योगिकी उत्पादकता बढ़ा सकती है और राज्य में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दे सकती है। गेट्स ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की और व्यापक प्रभाव के लिए इन पहलों को बड़े पैमाने पर लागू करने के लिए आगे सहयोग करने में रुचि दिखाई।

# सियासी विवाद के बीच बोले उदित राज कहा- टीपू महान समाज सुधारक थे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मालेगांव से शुरू हुआ टीपू सुल्तान की तस्वीर का विवाद अब एक बड़े राजनीतिक टकराव में तब्दील हो चुका है। इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग के साथ-साथ सड़कों पर भी हिंसा देखने को मिल रही है। हाल ही में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने 18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान का समर्थन करते हुए उन्हें एक महान समाज सुधारक करार दिया है। उदित राज का यह बयान ऐसे समय में आया है जब महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता हर्षवर्धन सपकाल द्वारा टीपू सुल्तान की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से किए जाने पर पहले ही राज्य का सियासी पारा चढ़ा हुआ है।



उदित राज ने अपने बयान में इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि टीपू सुल्तान ने दलितों और पिछड़ों के हक में बड़े सुधार किए थे। उन्होंने स्तन कर जैसी कुप्रथा का जिक्र करते हुए दावा किया कि टीपू सुल्तान ने शूद्र महिलाओं को अपना शरीर ढंकने का अधिकार दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया था। उदित राज ने भाजपा और हिंदुत्ववादी संगठनों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जो लोग दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के उत्थान की बात करते हैं, ये संगठन उनसे नफरत करते हैं। उन्होंने सावरकर और गोलवलकर जैसे विचारकों का नाम लेते हुए कहा कि इतिहास में दलितों से नफरत करने वाले लोगों को आज प्रमोट किया जा रहा है।

इस विवाद की शुरुआत मालेगांव की उप-महापौर शान-ए-हिंद निहाल अहमद के कार्यालय में टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाने से हुई थी। शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षदों ने नीलेश अहेर के नेतृत्व में इसका पुरजोर विरोध किया और तस्वीर हटाने की मांग की। इस दौरान उप-महापौर और पार्षदों के बीच तीखी बहस हुई, जिसमें अहमद ने स्पष्ट कर दिया कि वे किसी भी कीमत पर तस्वीर नहीं हटाएंगी। विवाद ने तब और अधिक उग्र रूप ले लिया जब कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल ने टीपू सुल्तान को भूमिपुत्र बताते हुए उन्हें वीरता के पैमाने पर छत्रपति शिवाजी महाराज के समकक्ष खड़ा कर दिया। इस तुलना पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। फडणवीस ने इसे महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान और बेहद शर्मनाक कृत्य बताया। भाजपा ने सपकाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और उनके बयान की कड़ी निंदा की है।

# झारखंड में जंगली हाथियों ने ली कई की जान, अब कुनकी हाथी इन पर पाएंगे काबू



**-कर्नाटक से विशेष प्रशिक्षित हाथियों को बुलाया, ये होते हैं शांत और अनुशासित**

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के चाईबासा और हजारीबाग में हाथियों के लगातार हमलों से ग्रामीण दहशत में हैं। हालात पर काबू पाने कर्नाटक से विशेष रूप से प्रशिक्षित छह कुनकी हाथियों को झारखंड बुलाया जा रहा है। ये विशेष रूप से प्रशिक्षित हाथी हैं, जो जंगली और उग्र हाथियों को काबू में करने में मदद करते हैं। चाईबासा और हजारीबाग में पिछले एक महीने में 25 से ज्यादा लोगों की मौत हाथियों के हमले में हो चुकी है। चाईबासा में एक अकेले हाथी ने 15 से ज्यादा लोगों की जान ली, जबकि हजारीबाग में पांच हाथियों के झुंड ने एक ही रात में सात लोगों की जान ले ली। अब उम्मीद है कि कुनकी हाथियों की मदद से इन बेकाबू हाथियों को जंगल की ओर वापस भेजा जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुनकी शब्द फारसी भाषा से आया है, जिसका अर्थ होता है सहायक। कर्नाटक वन विभाग हाथियों को खास प्रशिक्षण देता है। इन प्रशिक्षित हाथियों के साथ अनुभवी महावत रहते हैं। ये हाथी शांत और अनुशासित होते हैं और इन्हें जंगली हाथियों को पकड़ने या नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। तमिलनाडु के कालेम और कर्नाटक के अभिमन्यु जैसे कुनकी हाथी कई अभियानों को सफलतापूर्क पूरा किया है। ये हाथी अपनी गंध और व्यवहार से उग्र हाथियों को शांत करने में मदद करते हैं।

बता दें झारखंड में करीब 600 हाथी हैं, लेकिन जंगल क्षेत्र कम होने से उनके लिए भोजन और रहने की जगह घट गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में जंगल सिकुड़ रहे हैं। एक हाथी को रोज करीब 17 घंटे तक भोजन करना पड़ता है, लेकिन जंगल में पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से हाथी गांव और खेतों की ओर आ रहे हैं, जहां उन्हें धान, सब्जियां और केला जैसी फसलें आसानी से मिल जाती हैं। खाने की तलाश और क्षेत्र को लेकर आपसी संघर्ष के कारण कई नर हाथी झुंड से अलग हो जाते हैं। ऐसे हाथी ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं और इंसानों पर हमला करते हैं। राज्य सरकार और वन विभाग को उम्मीद है कि कुनकी हाथियों की मदद से हालात पर जल्द काबू पा लिया जाएगा और लोगों को राहत मिलेगी।

# शहर में ताबड़तोड़ कार्यवाही, लेकिन 'दिया तले अंधेरा'

## नगर निगम के आस-पास फल-फ्रुट वालों का कब्जा, नालियां नदारद







स्मार्ट हलचल | राजेश जीनगर

**भीलवाड़ा।** नगर निगम द्वारा शहर के बाजारों में अतिक्रमण हटाने को लेकर की जा रही बड़ी कार्रवाई के नाम पर मंगलवार को महावीर पार्क के निकट स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्केट में दुकानों के बाहर बनी नालियों के ऊपर से सीढ़ियां एवं फुटपाथ को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। इस दौरान मौके पर दुकानदारों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा रही। इस पूरी कार्रवाई से हुए नुकसान को लेकर दुकानदार प्रशासन को कोसते भी नजर आए। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने और नालियां खोलने के नाम पर 'ताबड़तोड़' अभियान चलाया जा रहा है, जबकि नगर निगम परिसर के बाहर की नालियाँ पैक पड़ी है। पिछले कई दिनों से जेसीबी की मदद से शहर के व्यापारियों की दुकानों के बाहर बनी सीढ़ियों और प्लेटफॉर्म को मलबे में तब्दील किया जा रहा है, ओर तर्क दिया जा रहा है कि 'नालियां खोलकर जल निकासी सुचारू करनी है और स्वच्छता को बनाना है। नगर निगम के ठीक बाहर की सड़क पर नालियों के पैक होने और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में जबरदस्त जल भराव देखने को मिलता है। इससे जहाँ आवागमन तो बुरी तरह प्रभावित होता ही है, वहीं दूसरी ओर पानी के साथ आई गंदगी और कचरे से पर्यावरण और पूरा क्षेत्र भी दूषित होता है। महापौर के पदमुक्त होने और कलेक्टर के प्रशासक बनने के तुरंत बाद शहर में अतिक्रमण और स्वच्छता के नाम पर हो रही कार्रवाई को लेकर मिली झुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। जहाँ एक ओर एक तबका इसे शहर के हित में सही ठहरा रहा है तो वहीं दूसरी ओर व्यापारी वर्ग इसे एक तरफा और बिना समाधान की पहल के सीधे कार्रवाई करार दे रहे हैं।

### इधर, दिया तले अंधेरा.....

नगर निगम शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के नाम पर ताबड़तोड़ कार्यवाही भले ही कर रहा है, लेकिन उसी निगम के आस-पास अधिकारियों को अतिक्रमण नजर नहीं आ रहा है। अधिकारी क्वार्टर के बाहर और कोतवाली चौराहे पर फल फ्रुट के हाथठेले लगने अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है तो नगर निगम कोतवाली चौराहे के समीप ही मॉल के बाहर ताजा निर्माण कर नालियों को पुरी तरह से ढक दिया गया है, जो नगर निगम अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है या अनदेखा किया जा रहा है। वहीं दुसरी और लोगों की मानें तो शहर के सुचना केंद्र के आसपास भी किसी तरह की कार्यवाही नहीं किए जाने से नगर निगम के अधिकारी संदेह के दायरे में है।

आखिरकार खबर का हुआ असर

# मीडिया की सजगता लाई रंग, जलदाय विभाग ने सुधारी भूल

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा



जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और प्रशासन को जगाने का बड़ा असर शहर में देखने को मिला है। व्यस्त मार्ग पर जलदाय विभाग द्वारा पाइपलाइन लीकेज ठीक करने के बाद छोड़े गए जानलेवा गड्ढे की खबर जैसे ही प्रमुखता से प्रकाशित हुई, विभाग तुरंत हरकत में आ गया।

### क्या था पूरा मामला?

शहर के व्यस्ततम मार्ग पर जलदाय विभाग ने लीकेज सुधारने के लिए सड़क के बीचों-बीच एक बड़ा गड्ढा खोदा था। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद गड्ढा भरना भूल जाने से राहगीरों, विशेषकर स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ था। भाजपा जिला मीडिया सहसंयोजक मोनू सुरेश छीपा ने इस गंभीर लापरवाही को उजागर करते हुए प्रशासन को सचेत किया था कि यह गड्ढा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

### विभाग की टूटी सुस्ती, 24 घंटे में कार्रवाई

समाचार के माध्यम से जनता की आवाज बुलंद होने के बाद जलदाय विभाग ने तत्परता दिखाते हुए उक्त स्थान पर मिट्टी डलवाकर गड्ढे को भर दिया। इससे मार्ग अब सुगम हो गया है और संभावित दुर्घटना का खतरा फिलहाल टल गया है।

### स्थानीय निवासियों ने जताया आभार

इस त्वरित समाधान और मीडिया की सक्रियता पर स्थानीय निवासियों जुगल किशोर काबरा, हंसराज जाट, नंदा तेली, बसंत वैष्णव,राधेश्याम धोबी , गोपाल कहार और रमेश कहार ने हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

मोनू सुरेश छीपा ने कहा– 'शाहपुरा की जनता की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेना सराहनीय है, लेकिन हमारी मांग है कि इस स्थान पर जल्द ही पक्का पैचवर्क (डामरीकरण) भी किया जाए ताकि भविष्य में यह दोबारा न धंसे। '

मीडिया की सजगता और प्रशासन की तत्परता से एक संभावित हादसा टल गया, जो जनहित में सकारात्मक पहल का उदाहरण है।

# भादू गांव में मंदिर से चांदी का मुकुट और गाय चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद




स्मार्ट हलचल

**मांडल।** मांडल क्षेत्र के भादू गांव स्थित सत्यनारायण मंदिर में बीती सोमवार रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर से भगवान का चांदी का मुकुट और एक गाय चोरी कर ले गए। पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह मंदिर के पुजारी ने जब मंदिर के कपाट खोले तो मुकुट और गाय गायब मिले। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और एफएसएल मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# सिस्टम की अंधेरगर्दी, सड़क पर मौत के खंभे!

## लापरवाही की हद: पिछले साल सड़क निर्माण के वक्त नहीं हटे पोल, अब नई लाइन बिछाने में फिर वही जानलेवा मनमानी





### नियमों को डामर में गाड़कर ठेकेदार ने सड़क से सटाए बिजली के पोल

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** कोटड़ी-नन्दराय मार्ग पर पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग की जुगलबंदी राहगीरों की जान की दुश्मन बन गई है। मंशा-हाजीवास रोड पर वर्तमान में ठेकेदार द्वारा बिछाई जा रही बिजली लाइन के पोल नियमों को ताक पर रखकर डामर सड़क के बिल्कुल सीने पर गाड़े जा रहे हैं। विभाग की यह सुस्ती और ठेकेदार की मनमानी किसी बड़े सड़क हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी अपनी आँखें मूंदे बैठे हैं।

### पुरानी गलती से नहीं लिया सबक: एक साल से फाइलों में दबी 'शिफ्टिंग'

सरकारी तंत्र की बेपरवाही का आलम यह है कि पिछले साल जब कोटड़ी-नन्दराय रोड का निर्माण कार्य चल रहा था, तभी इन पोलों को हटाया जाना प्रस्तावित था। सड़क की चौड़ाई बढ़ गई, डामर बिछ गया, लेकिन 'मौत के ये खंभे' टस से मस नहीं हुए। विभाग ने सड़क निर्माण के दौरान इन्हें शिफ्ट करना जरूरी नहीं समझा, जिसका नतीजा यह है कि पुराने पोल अब सड़क के सुरक्षित दायरे के भीतर घुस आए हैं।

### इंजीनियरिंग फेल या ठेकेदार की दबंगई?

नियम कहते हैं कि बिजली के पोल और डामर सड़क के बीच सुरक्षित दूरी (शोल्डर मार्जिन) होनी चाहिए, ताकि वाहन अनियंत्रित होने पर सीधे पोल से न टकराए। मगर यहाँ तो उलटी गंगा बह रही है। मंशा-हाजीवास रोड पर ठेकेदार डामर की अंतिम परत से सटाकर पोल खड़े कर रहा है। रात के अंधेरे में या तेज रफ्तार वाहनों के लिए ये पोल किसी 'खूनी अवरोध' से कम नहीं हैं। दो वाहनों के आमने-सामने आने पर साइड देने की कोई जगह नहीं बची है।

### हादसा हुआ तो कातिल कौन?

सड़क सुरक्षा के दावों की हवा निकालती यह तस्वीर चीख-चीख कर कह रही है कि विभाग को जनता की जान से ज्यादा ठेकेदार की सुविधा की चिंता है। अगर यहाँ कोई वाहन इन पोलों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होता है और जान-माल की हानि होती है, तो क्या इसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग के अधिकारी और सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी लेंगे?

# खेत पर चर रहे गोवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते युवक को देखा



### क्षेत्र में फैला आक्रोश

स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** आसींद थाना क्षेत्र के मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे के जंगल में मंगलवार दोपहर एक शर्मनाक घटना सामने आई। हरिपुरा से मोड़ का निंबाहेड़ा जाने वाले कच्चे रास्ते पर दोपहर करीब 12 बजे एक युवक द्वारा खेत में चर रहे गोवंश के एक बछड़े को रस्सी से बांधकर उसके साथ कथित रूप से अश्लील हरकत करते एक युवक को देखा गया

गो सेवा उपचार केंद्र मोड़ का निंबाहेड़ा के कुलदीप माली ने बताया कि गांव के ही मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे के किसान की बछड़ी खेत पर चर रही थी इसी दौरान हरिपुरा निवासी सुरेश चन्द्र पिता बख्तावर कुमावत बछड़ी को बांधकर अश्लील कृत्य करने लगा इस दौरान गाय का मालिक को आते देखकर युवक अंग्रेजी बबूल अधिक होने के होने का फायदा उठाकर भाग निकला इस दौरान गो सेवकों को सूचना दी

घटना की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मूंगड़, गौसेवक देवीलाल मेघवंशी, कुलदीप माली सहित कई लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद सूचना पर आसींद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

पुलिस ने गोवंश को उपचार केंद्र भिजवाया तथा मेडिकल जांच के लिए भेजा है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही अप्राकृतिक कृत्य की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। ग्रामीणों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है। वही आसींद थाना पुलिस का कहना है कि गोवंश की बछड़ी को उपचार केंद्र लाया गया यहां पर डॉक्टर द्वारा मेडिकल करवाने के बाद रिपोर्ट आते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, एक साल से चल रहा था फरार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



पुलिस थाना गुलाबपुरा द्वारा बलात्कार के प्रकरण में 1 साल से फरार पांच हजार रूपये का ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तह्त एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन में व गुलाबपुरा वृताधिकारी जितेन्द्र सिह के निकटतम सुपरविजन मे और थानाप्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर व तकनीकी माध्यमों से बलात्कार के प्रकरण में 1 साल से फरार चल रहे पांच हजार रूपये का ईनामी आरोपी महेन्द्र सिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया ओर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरन खोटा काम किया

दिनांक 17.04.2025 को प्रार्थीया की 0 नम्बर एफआईआर जरिये डाक प्राप्त हुई की आरोपी महेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा प्रार्थीया को सामाजिक रूप से अपनाने का झांसा देकर जबरन खोटा काम किया । इस रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच प्रारम्भ की ।

घटना के बाद आरोपी अपनी सकुनत से फरार हो गया था। जिसकी थाना स्तर पर टीम का गठन किया जाकर तलाश शुरू की गई। आरोपी के सम्भावित ठिकानो पर दबिश दी और ईनामी फरार आरोपी महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया । माननीय न्यायालय में पेष किया गया। न्यायालय ने अभियुक्त महेन्द्र सिंह गुर्जर को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा ।

### गठित पुलिस टीम

टीम में थानाप्रभारी संजय कुमार के साथ आशीष मिश्रा स.उ.नि. साईबर सैल भीलवाडा, गोवर्धन लाल उ.नि. थाना गुलाबपुरा, मुकेश कुमार, महिपाल, गोपाल राम शामिल थे ।

### गिरफ्तार आरोपी

महेन्द्र सिंह पुत्र देवी सिंह उम्र 20 साल निवासी रलायता पुलिस बरखेडाकंला जिला रतलाम मध्यप्रदेश

# रात के समय करते थे भैंसो की चोरी, चार बदमाशो को पुलिस ने पकड़ा

## अन्य कई जिलों में भी दिया इस तरह की वारदात को अंजाम, भैंस खरीदने के बहाने करते थे रैंकी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



गंगापुर पुलिस, डीएसटी के साइबर सैल ने रात्रि के समय भैसें चोरी करने वाली गैंग का खुलासा किया है और 4 शातिर बदमाशो को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले मे चोरी, नकबजनी व लूट की वारदातों के खिलाफ कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है । इसके लिए सहाड़ा एएसपी बुद्धाराज के निर्देशन में एवं सुदर्शन पालीवाल वृत्ताधिकारी, गंगापुर के सुपरविजन में थाना गंगापुर क्षेत्र व आस-पास के क्षेत्रो से लगातार हो रही भैस चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु गठित टीम ने कार्यवाही कर भैसं चोरी की घटना कारित करने वाले 4 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- हरिपुरा से कुछ दिन पूर्व चुराई थी भैंसे दिनांक 10.02.26 को प्रार्थी रोशन पिता जयसिंह जाट निवासी हरिपुरा थाना गंगापुर जिला भीलवाडा ने रिपोर्ट पेश कि और बताया की दिनांक 21.01.2026 को बाड़े मे भैंसे बंधी हुई थी जब सुबह उसने बाडे में जाकर देखा तो बाड़े के अन्दर मुरा नस्ल की 3 भैंस व 01 पाडा नही मिले जिनकी मेरे द्वारा आस-पास काफी तलाश के बाद भी नही मिले जिनको अज्ञात चोर चुरा कर ले गयें। जिनकी कीमत करीब 3.60 लाख रूपये हैं। उक्त रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

घटना की गम्भीरता देखते हुए एवं आस पास हो रही भैसें चोरी की घटना को देखते हुए ,इस घटना का खुलासा करने के लिए गंगापुर थानाप्रभारी लीलाधर मालवीय एवं डीएसटी टीम भीलवाडा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास व संम्भावित रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज चैक किये। तकनीकी संसाधनों तथा परम्परागत पुलिसिंग मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त की ओर अपराधियो से पुछताछ की गई । घटनाकारित करने वाले चारों आरोपी को मनोवैधानिक तरीके से पुछताछ कर गिरफ्तार किया गया।

### मुल्जिमान द्वारा कारित की गयी घटनाए

आरोपियों ने पुछताछ के दौरान बताया की ये बदमाश इस प्रकार कि जिला भीलवाडा, राजसमन्द व चितौडगढ में घटनाएं कारित चुके है । उक्त घटनाओं में जिला भीलवाडा के ग्राम भोजपुरा थाना बागोर से 6 भैंस चोरी करना, थाना पुर सर्कल में भी उक्त प्रकार की घटना करना बताया , ग्राम जिलोला जिला राजसमन्द से 2 भैंसे चोरी करना, ग्राम कुरज जिला राजसमन्द से 3 भैसें चोरी करना, जिला चितौडगढ में उक्त प्रकार की घटना करने में दो बार विफल रहे । उक्त घटनाओं में रात्रि के समय में कारित करने से अन्य गांवों का नाम व घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ज्ञात नहीं हुई हैं।

# सवाईपुर सालरिया मार्ग कोठारी नदी पुलिया निर्माण आधा अधूरा

## एक वर्ष से निर्माण अधरझूल में, आए दिन हो रहे हादसे, ग्रामीणों मैं आक्रोश

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** राज्य सरकार ने एक वर्ष पूर्व सवाईपुर से सालरिया मार्ग पर बहने वाली कोठारी नदी पुलिया को डेढ़ करोड़ की लागत से रिनोवेल करना था । फरवरी-मार्च 25 में ही ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू कर दिया था । कार्य पचास प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद कार्य रोक दिया । पुलिया पर आरसीसी सड़क वनवे बनाकर छोड़ने से सड़क से निकले सरिए एक तरफ गढ्ढे युक्त सड़क से गुजरने से वाहन अनियंत्रित होकर गिरने से कई राहगीर चोटिल हो चुके है । ग्रामीणों ने बताया कि एक हादसा तो इतना बड़ा था कि हर किसी की रूह कांप गई विदित हो तीन माह पूर्व सालरिया निवासी दो जने बाइक से सवाईपुर की तरफ आते वक्त पुलिया पर गढ्ढे से अनियंत्रित बाइक से बाइक सवार गिरने से विक्रम सिंह के सिर में सरिया धंस गया जिससे विक्रम को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय भर्ती करवाया जिनका कई दिनों तक इलाज चलने पर स्वास्थ्य लाभ मिला । इस पर अधिकारी ठेकेदार के प्रति मोन जिम्मेदार कोन जिससे ग्रामीणों मैं आक्रोश व्याप्त है ऊंचाई।।

### इनका ये कहना

सातोला का खेड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक सुनीता देवी खटीक का कहना हे कि कोठारी नदी पुलिया रिनोवल कार्य अधरझूल में होने से आए दिन हादसे हो रहे हे,एक बार तो बड़ा हादसा हुआ जिससे ग्रामीणों मैं आक्रोश व्याप्त हे,विभाग की जिम्मेदारी हे कि कार्य गुणवत्तापूर्ण अतिशीघ्र करवाए जिससे आमजन का आक्रोश न बढ़े वही लोगो को राहत मिले ।

निवर्तमान कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा का कहना हे कि कोठारी पुलिया पर अधरझूल रिनोवल कार्य हेतु अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग सोहन लाल बैरवा सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करवाया कि कोई भी टेक्निकल इश्यू हो उन्हें दूर कर अतिशीघ्र कार्य करवाए। कनिष्ठ अभियंता सा नि विभाग कोटड़ी कृष्ण कंसक का कहना हे कि ठेकेदार द्वारा जितना कार्य किया गया उनका भुगतान नवम्बर माह में ही कर दिया,पहले तो भुगतान का बहाना बना रहा था,अब कई दिनों से एक दो दिन बोल रहा है । अंतिम नोटिस देकर अन्य ठेकेदार द्वारा कार्य करवाए।

# 9 दिन बाद भी नहीं लग पाई प्रशासक की नाम पट्टी, नगर निगम की कार्यशैली पर उठे सवाल

## महापौर हटने के बाद भी व्यवस्था ढीली, आयुक्त बोले - बनवाने के लिए दे रखी है

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** शहर की सरकार कही जाने वाली भीलवाड़ा नगर निगम इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में है। नगर निगम में महापौर पद से हटाए जाने के 9 दिन बाद भी प्रशासक की नाम पट्टी नहीं लग पाई है। इस मामूली लेकिन महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी को लेकर शहरवासियों में सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, महापौर पद से हटने के बाद निगम में प्रशासक की नियुक्ति कर दी गई थी, लेकिन मुख्य द्वार एवं कार्यालय कक्ष के बाहर अब तक प्रशासक के नाम की पट्टी नहीं लगाई गई है। ऐसे में निगम कार्यालय आने वाले नागरिकों को यह तक स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि वर्तमान में जिम्मेदारी किसके पास है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब निगम प्रशासन एक साधारण नाम पट्टी लगाने जैसे कार्य में 9 दिन का समय ले रहा है, तो शहर के विकास कार्यों की गति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। आमजन का तर्क है कि प्रशासनिक पारदर्शिता और व्यवस्था की शुरुआत ऐसे छोटे-छोटे कार्यों से ही होती है।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त से बातचीत की गई तो उनका कहना था कि नाम पट्टी बनवाने के लिए दे रखी है और जल्द ही इसे लगा दिया जाएगा। हालांकि 9 दिन बीत जाने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं होना निगम की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।

शहर में पहले ही सफाई, सड़कों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में प्रशासक की नाम पट्टी तक नहीं लग पाना निगम प्रशासन की सुस्ती को दर्शाता है।

अब देखने वाली बात यह होगी कि निगम प्रशासन इस छोटे लेकिन प्रतीकात्मक मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है और शहरवासियों को सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था का भरोसा दिलाने में कितना सफल होता है।

# आमलीगढ़ पाछली में पानी की त्रासदी, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी बह रहा, ग्रामीण बूंद-बूंद को तरसे

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** केन्द्र सरकार जहां हर-घर तक नल से जल पहुंचाने के दावे कर रही है,वहीं भीलवाड़ा जिले के कई गांव और ढाणियां आज भी भीषण जल संकट से जूझ रही हैं।गर्मी ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है,उससे पहले ही पानी की किल्लत लोगों को परेशान करने लगी है।ताजा मामला सुवाणा पंचायत समिति क्षेत्र की आमलीगढ़ पाछली ग्राम पंचायत का है,जहां जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई मुख्य जलापूर्ति पाइपलाइन पिछले करीब आठ महीनों से



क्षतिग्रस्त पड़ी है।पाइपलाइन से रोजाना हजारों लीटर पानी जंगल में व्यर्थ बह रहा है,जबकि गांव के लोग पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।ग्रामीण गोविन्द कुमार वैष्णव ने बताया कि वार्ड नंबर 2 में करीब सात वर्ष पहले पनघट योजना के तहत पानी की टंकी स्थापित की गई थी।लगभग एक वर्ष तक इससे ग्रामीणों को राहत मिली,लेकिन बाद में पंचायत की देखरेख के अभाव में टंकी क्षतिग्रस्त हो गई।पानी भरने के लिए लगाई गई कीमती ट्यूबवेल मोटर भी चोर ले गए,जिससे व्यव-स्था पूरी तरह ठप हो गई।इसी तरह वार्ड नंबर 3 के ग्रामीण मनोहर लाल राव,गणेश सालवी,कालूलाल साहू और गणपत सेन ने बताया कि उनके घरों के पास पनघट योजना के तहत लोहे का ढांचा बनाकर उस पर पानी की टंकी लगाई गई थी।ट्यूबवेल खुदवाकर बिजली कनेक्शन भी कराया गया,जिससे करीब 11 महीनों तक पानी की किल्लत से राहत मिली।लेकिन बाद में पंचायत प्रशासन की लापरवाही के चलते अज्ञात चोर टंकी की टोटियां तक चुरा ले गए और मोटर खराब हो गई।परिणामस्वरूप पिछले छह वर्षों से दोनों टंकियां अनुपयोगी पड़ी हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग और पंचायत प्रशासन ने न तो क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करवाई और न ही बंद पड़ी टंकियों को दुरुस्त किया।यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## खनन पट्टा धारकों के लिए महत्वपूर्ण बैठक 20 को

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा द्वारा खनन पट्टा धारकों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12.00 बजे होगी, जिसमें ऑटो नवीनीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस बैठक में खनन पट्टा धारकों को ऑटो नवीनीकरण के लाभों और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी, जैसे कि प्रक्रिया की सरलता, समय की बचत, और खनन कार्य में निरंतरता। खनन विभाग द्वारा सभी खनन पट्टा धारकों से बैठक में उपस्थित आवश्यक अभिलेख/दस्तावेज लेकर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# काछोला अस्पताल में चिकित्सकों का अभाव मरीज परेशान



स्मार्ट हलचल | शाहपुरा/काछोला

काछोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तहसील कार्यालय का सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

फिलहाल यहां पर दो डॉक्टर नियुक्त है। यहां पर रोजाना ओपीडी के 400 मरीज आते हैं। जिसमें एक डॉक्टर मुश्किल से इन मरीजों को देख पता है। डॉक्टर अभिषेक 5 दिन की ट्रेनिंग पर गए हुए हैं। डॉ राहुल यादव ने बताया कि यहां पर ओपीडी काफी संख्या में होने की वजह से एक डॉक्टर पर काफी भार पड़ता है।पूर्व में भी उच्च अधिकारियों और स्थानीय क्षेत्र के विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल को भी अवगत कराया गया लेकिन अभी तक डॉक्टरों की कमी होने से जनता परेशान हैं। काफी समय से यहां का जनरेटर भी खराब है जिससे लाइट चले जाने पर समय पर एक्स-रे एवं अन्य जांच नहीं हो पातीएवं फ्रिज में रखी दवाइयां भी खराब होने का डर रहता हैं। लोगों ने यहां पर चिकित्सक लगाने की मांग की है।

# होड़ा में किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कार्यशाला



स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होड़ा में किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया योजना के सदस्य सचिव डॉ ज्ञानेंद्र गोयल ने बताया कि आज दिनांक 17.02. 2026 को स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होड़ा में अध्यनरत किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया इसमें 37 बालिकाओं में से 3 बालिकाओं में 12 से कम हीमोग्लोबिन पाया गया उन्हें इसके लिए औषधियां वितरित की गई, जलधारी मीना सीएचओ ने हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाने के लिए औषधियों के अतिरिक्त भोजन में क्या खाना चाहिए जिससे हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़े , हीमोग्लोबिन चेक करने वाली टीम में मेडिकल से जलधारी मीना, एएनएम निकिता मीणा, आयुर्वेद से नर्स वीणा दमामी, योग प्रशिक्षक रामप्रकाश बैरागी, माया जोशी, आशा इंदुबाला, विद्यालय से शोभना तोषनीवाल, हुकुमचंद जाटव, मनोरमा आचार्य, ममता खटीक आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में सिक्कों की कहानी छायाचित्रों की जुबानी विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश कुमावत के सानिध्य में संग्रहकर्ता सोमेश्वर व्यास ने महाविद्यालय परिसर में भिन्न भिन्न प्रकार की माचिस, प्राचीन सिक्के, विदेशी व भारतीय डाक टिकट , ताम्र पत्र व अनेक प्रकार की पुरानी वस्तुएं की प्रदर्शनी लगाई गई व्यास ने बताया कि प्राचीन सिक्के राष्ट्र की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर हैं।

इनकी सम्यक सुरक्षा एवं भावी पीढ़ी हेतु इन्हें संरक्षित रखना तथा जनसामान्य विशेष कर बच्चों में अपने धरोहर के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करना हमारा कर्तव्य है।



इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कन्या महाविद्यालय में सिक्कों की कहानी छायाचित्रों की जुबानी विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुये प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश कुमावत ने कहा कि प्रदर्शनी में सिक्कों की उत्पत्ति, उनके निर्माण के विविध तरीकों तथा टूल-डाई तकनीक, स्क्रू प्रेस तकनीक, भाप-चलित मशीनों से निर्माण व आधुनिक टकसालों में निर्माण की तकनीकों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में प्रारम्भ से लेकर वर्तमान तक के सिक्कों को ढालने की प्रक्रिया को छायाचित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। भारत के प्राचीनतम आहत सिक्के, विभिन्न जनपदों के सिक्के, भारतीय यवन सिक्के, कुषाण एवं गुप्त राजाओं के सोने, चांदी एवं तांबे के सिक्कों के अतिरिक्त सात वाहनों के सिक्के, मध्यकालीन सिक्के, आधुनिक सिक्कों की श्रृंखला में आना, नया पैसा के अतिरिक्त मेडल, व शाहपुरा स्टेट के इतिहास को भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्र में नर्सेज यूनियन के बनेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष बने शर्मा



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ग्रामीण क्षेत्र मे नर्सेज को मजबूती देने के लिए राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने जिला संयोजक अमित व्यास के आग्रह पर बनेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, मांडल ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश बलाई, मांडलगढ़ से योगेश टेलर को नियुक्त किया सभी का ग्रामीण जिलाध्यक्ष हिम्मत जोशी ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और आशा है की ये सभी नर्सेज और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और नर्सेज की समस्याओं के लिए सदैव आवाज उठाएंगे इस दौरान यूनियन संरक्षक राजेश सांखला, कार्यकारी अध्यक्ष ललित जीनगर, ग्रामीण उपाध्यक्ष पारस जैन और अन्य नर्सेज उपस्थिति रहे।

### रायला के 'शिक्षा मंदिर' में हंगामा

# अभिभावक संग अभद्रता का आरोप, फीस विवाद ने पकड़ा तूल

स्मार्ट हलचल

**रायला।** कस्बे के चर्चित हैप्पी हॉवर्स स्कूल में फीस को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तूल पकड़ चुका है। आरोप है कि स्कूल परिसर में एक महिला अभिभावक के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। आहत महिला रोते-बिलखते उपतहसील कार्यालय पहुंची और लिखित शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

महिला अभिभावक का कहना है कि मौके पर मौजूद स्कूल संचालक और उनकी पत्नी प्रतिभा ने उनके साथ कई तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे वे मानसिक रूप से आहत हुईं। इसी घटनाक्रम के बाद मामला गरमा गया और शिकायत प्रशासन तक पहुंची।

उपतहसीलदार सत्यनारायण ने बताया कि फीस से जुड़ी बात पर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। प्राप्त लिखित



शिकायत उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है और आगे की कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर तय होगी।

सूत्रों के अनुसार, मामला कक्षा 8 के छात्र से जुड़ा है, जिसकी परीक्षा महज दो दिन बाद प्रस्तावित है। परिजन का कहना है कि ऐसे माहौल में बच्चे की पढ़ाई और मानसिक स्थिति पर असर पड़ रहा है।

अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं—क्या होगी ठोस कार्रवाई या फिर कागजी प्रक्रिया में मामला ठंडा पड़ जाएगा? कस्बे में चर्चा गर्म है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# रोपा से खाटू श्याम की चौदहवीं पैदल यात्रा रवाना

स्मार्ट हलचल | रोंपा

रोंपा से खाटू श्याम के जयकारों के साथ 111पद यात्रियों का जत्था मंगलवार को खाटू श्याम के लिए रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार श्याम प्रेमी प्रदीप जैन व बाल कृष्ण मालू ने बताया कि पंचायत मुख्यालय रोंपा से 10 दिवसीय पदयात्रा मंगलवार को रोपा बड़ा मंदिर चारभुजा नाथ से प्रातः 8:15 बजे चारभुजा नाथ मंदिर में निशानों के पूजन व खाटू श्याम के जयकारों के साथ गांव के विभिन्न मार्गो से होती हुई फाल्गुन के महीने में श्याम नाम की मस्ती में डीजे व ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए आतिशबाजी के साथ पुष्प बरसाते हुए यात्रा ने



खाटू धाम के लिए प्रस्थान किया व जगह जगह ग्राम वासियो द्वारा बाबा की आरती करके यात्रियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया

जिसमें ग्राम पंचायत प्रशासक सत्यनारायण धाकड़, मोंटू ( अध्यक्ष ) गिरिराज सोनी, बंशी लाल सोनी, लाडूराम गुर्जर, सत्यनारायण प्रजापत, ओमप्रकाश लौहार, योगेश लौहार, विनोद शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, गणेश बहेडिया, अशोक शर्मा, परसराम जाट, ताराचंद बहेडिया, केदार जाट, राजकुमार जैन, बालकृष्ण मालू,सत्यनारायण समदानी, सूर्य प्रकाश मालू, भोपाल पारीक, रामकिशन सोनी, अभिषेक जैन, दिनेश सोनी सुवा लाल जाट, विश्वामित्र, शिवराज जाट, पवन शर्मा भागचंद जैन, सूरत राम प्रजापत, गोविंद कुमार मालू, अशोक बहेडिया अभिषेक बंसल, अभिनव बंसल ( बाबू, ) एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे प्रथम रात्री विश्राम सावर में होगा।

# जबरकिया मे 8वीं कक्षा के छात्रों को भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

आसींद क्षेत्र के जबरकिया ग्राम के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मे 8 के छात्र छात्राओं को विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संस्थाप्रधान बलवीर मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। 8वीं कक्षा के छात्र छात्रों को माला, तिलक और उपहार देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपने विचार और अनुभव भाषणों और भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से साझा किए, जिससे उप-स्थत सभी लोगों का दिल छू गया।

एक भावपूर्ण 'धन्यवाद' नृत्य ने सहपाठियों के बीच साझा की गई कृतज्ञता और सौहार्द को प्रदर्शित किया, जिसके बाद गरबा की जीवंत धुनों ने हमारे विद्यालय की समृद्ध संस्कृति और एकता का जश्न मनाया।

इस अविस्मरणीय संध्या के समापन पर, स्वादिष्ट जलपान परोसा गया, जिसने यादगार पलों को संजोया और आजीवन बने रहने वाले बंधनों को मजबूत किया।हम अपने कक्षा 8 के विद्यार्थियों को विदाई देते हुए, उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। आपकी यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती; यह तो अभी शुरुआत ही है! उस मोके पर जिला परिषद सदस्य सुंदर लाल मेघवाल वार्ड पंच श्याम लाल शर्मा, नेहरू युवा संस्थान अध्यक्ष भैरू लाल गुर्जर, अमरचंद जाट, अध्यापक घनश्याम कुमावत, प्रकाश शर्मा, इंद्रकुमार स्वामी, प्रकाश शर्मा, शारीरिक शिक्षक भंवर लाल, अध्यापिका ममता जाट तारा जाट, कृष्णा शर्मा और कई लोग मौजूद रहे।

# मांडल विधायक भड़ाणा ने भोजा पायरा में श्री सवाईभोज महाराज के भव्य पैनोरमा निर्माण की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल | मांडल

मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में मांडल विधानसभा क्षेत्र के करेड़ा स्थित भोजा पायरा में हिन्दू समाज के आराध्यदेव श्री सवाईभोज महाराज का भव्य पैनोरमा निर्माण कराने की मांग उठाई।

भाजपा युवा नेता कमलेश सिंह गुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक भड़ाणा ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि करेड़ा में भोजा पायरा पर श्री सवाईभोज महाराज का पैनोरमा बनने से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को




बढ़ावा मिलेगा तथा हिन्दू समाज की आस्था को और सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा।

विधायक भड़ाणा ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि पैनोरमा निर्माण से क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित किया जा सकेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने करेड़ा में एक 'अटल स्मृति वन' एवं एक 'नमो वन' की स्थापना की मांग भी रखी। उनका कहना था कि इन परियोजनाओं से पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन मिलेगा तथा क्षेत्रवासियों को हरित, स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। विधायक की इस मांग से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है और उन्होंने आशा जताई है कि सरकार शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेगी।

# विभिन्न मांगो को लेकर नर्सेज ने सौपा सीएमएचओ को ज्ञापन




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

नर्सेज की विभिन्न मांगों को लेकर राजस्थान नर्सेज यूनियन शाखा भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शर्मा को ज्ञापन सौपा । ग्रामीण जिलाध्यक्ष हिम्मत जोशी ने बताया की नर्सेज को जॉब चार्ट के अनुसार कार्य करवाने तथा मेडिसिन स्टोर के चार्ज तथा दवा वितरण केंद्र के कार्य से मुक्त रखा जाये । यूनियन प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा ने बताया की यूनियन जोधपुर के साध्वी प्रेम बाईसा प्रकरण मे नर्सेज को दोषी देने का पुरजोर तरीके से विरोध करती है । डॉ संजीव शर्मा ने आश्वासन दिया है कि अति शीघ्र आपकी मांगों पर कार्यवाही कर नर्सेज को राहत प्रदान की जाएगी । इस दौरान कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललित जीनगर, ग्रामीण उपाध्यक्ष पारस जैन, भूपेंद्र सिंह, नीरज, रमेश मीणा,शंकर, सुरेश खोईवाल, सुधीर शर्मा, द्वारका, सुमंत व्यास,राजाराम धाकड़ और बड़ी संख्या मे नर्सेज मौजूद रहे ।

# सर्राफा व्यापारियों ने किया एसपी का सम्मान



स्मार्ट हलचल | कोटा

स्वर्ण-रजत मार्केट के अध्यक्ष कपिल सोनी (करौली वाले) के साथ हुई करीब 700 ग्राम सोने की चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करने पर सर्राफा व्यापारियों ने कोटा पुलिस का सम्मान किया। यह चोरी उनके कारीगर द्वारा की गई थी, जिसे पुलिस ने तत्परता से गिरफ्तार कर उसके पूरे गिरोह को पकड़ते हुए चोरी गया माल बरामद कर लिया।

मंगलवार सायं 4 बजे आयोजित कार्यक्रम में सर्राफा व्यवसायियों ने पुलिस की सराहनीय कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तेजस्विनी गौतम ने कहा कि सवा करोड़ की लूट का पर्दाफाश करने वाली टीम ने समन्वय और सजगता का परिचय दिया है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे पुलिस के साथ सतत संवाद बनाए रखें।

कार्रवाई में सिद्धार्थ श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह तथा सब-इंस्पेक्टर कमल की विशेष भूमिका रही। सर्राफा व्यवसायियों ने पुलिस टीम का फूल-मालाओं और गुलदस्तों से स्वागत कर सम्मान किया तथा भविष्य में भी सहयोग का भरोसा दिलाया।

# रोडवेज डिपो भीलवाड़ा पर एटक का दो दिवसीय धरना संपन्न, 8 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्टेट रोड़वेज एम्पलाईज यूनियन ''एटक'' के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय धरने के आव्हान पर रोड़वेज डिपो भीलवाड़ा आगार पर ''8 सूत्रीय मांग-पत्र'' को लेकर राज्य स्तर पर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन के आव्हान पर भीलवाड़ा आगार पर अध्यक्ष शंकर लाल गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, सचिव चन्द्र प्रकाश खटीक, राजेन्द्र विश्नोई, इलिहास मोहम्मद, रिटायर्ड कर्मचारी नेता जमील अहमद, भगवान सिंह, मनोहर लाल शर्मा, फखरूद्दीन, भंवर सिंह, राजेन्द्र सेन, शराफत अली, लालाराम जी आदि उपस्थित रहे एवं एटक के महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर धरना दिया। रोड़वेज कर्मचारी इंकलाब जिन्दाबाद, मजदूर विरोधी सरकार नहीं चलेगी व हमारी मांगे पूरी करो के नारे लगाए गए। यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्य प्रबन्धक को प्रबन्ध निदेशक के नाम 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसमें मुख्य तौर से रोड़वेज में 2500 नई बसें खरीदने, नई भर्ती करने व रिटायर्ड कर्मचारियों का बकाया भुगतान तुरन्त करने बाबत, समय पर पदोन्नति करने आदि मांगों के बारे में ज्ञापन सौंपा गया।

# छबड़ा थर्मल में 630 मेगावाट यूनिट हादसाः असली जिम्मेदार कौन?

## बायलर ब्लास्ट के बाद 'बलि का बकरा' बनाने का आरोप, ऊर्जा मंत्री से उच्चस्तरीय जांच की मांग तेज

स्मार्ट हलचल | जयपुर/छबड़ा

राज्य के महत्वपूर्ण ताप विद्युत संयंत्र CSCTPP, छबड़ा में 630 मेगावाट की यूनिट-6 में हुए गंभीर तकनीकी हादसे ने अब प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरे मामले को लेकर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को भेजे गए विस्तृत प्रतिवेदन में आरोप लगाया गया है कि असली जिम्मेदारों को बचाकर एक अधिकारी को निशाना बनाया जा रहा है।

### घटना क्या थी?

24 दिसंबर 2025 को चल रही 630 मेगावाट यूनिट-6 में बायलर सेक्शन में गंभीर नुकसान की घटना सामने आई। पत्र में दावा किया गया है कि यह हादसा ऐश हैंडलिंग सेक्शन की लापरवाही और असुरक्षित तरीके से सिलिंडर तोड़ने (ब्लास्टिंग) की प्रक्रिया के कारण हुआ। बताया गया है कि इस दौरान बायलर को भारी क्षति पहुंची और कुछ कर्मचारी घायल भी हुए। तकनीकी रूप से यह मामला ऐश हैंडलिंग के दायरे में आता है, लेकिन कार्रवाई का फोकस बायलर मेंटेनेंस सेक्शन पर डाल दिया गया–यहीं से विवाद शुरू होता है।

### पहले ट्रांसफर, फिर चार्जशीट!

आरोप है कि फरवरी 2024 से स्श्च (बायलर मेंटेनेंस) के रूप में कार्यरत अधिकारी को 3 दिसंबर 2025 को 'वर्किंग अरेंजमेंट' के नाम पर STPS, सूरतगढ़ भेजने का आदेश दिया गया। लेकिन उन्हें समय पर रिलीव नहीं किया गया। इसी बीच 24 दिसंबर को हादसा हो गया। और फिर 6 जनवरी 2026 को बिना समुचित तकनीकी जांच के सीधे स्श्च (बायलर मेंटेनेंस) को चार्जशीट थमा दी गई।

सवाल उठता है– जब घटना ऐश हैंडलिंग क्षेत्र से जुड़ी बताई जा रही है तो संबंधित ङ्श्चह और श्चह पर तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं? चार्जशीट का दायरा केवल एक अधिकारी तक सीमित क्यों?

### क्या किसी को बचाया जा रहा है?

प्रतिवेदन में गंभीर आरोप लगाया गया है कि उच्च स्तर पर बैठे कुछ अधिकारियों को बचाने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी को 'बलि का बकरा' बनाया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि कंट्रोल रूम के शिफ्ट और एक्टिविटी रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियां स्पष्ट कर सकती हैं कि घटना के समय वास्तविक जिम्मेदारी किसकी थी। इसके बावजूद, जांच से पहले ही दोष तय कर देना प्रशासनिक निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

### बड़ा सवालः तकनीकी सच्चाई या प्रशासनिक दबाव?

यह मामला सिर्फ एक चार्जशीट का नहीं, बल्कि राज्य के बिजली संयंत्रों की सुरक्षा संस्कृति का है। यदि वास्तविक जिम्मेदारों की पहचान कर कार्रवाई नहीं की गई तो यह भविष्य में और बड़े हादसों को न्योता दे सकता है।

ऊर्जा मंत्री से मांग की गई है कि– पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और स्वतंत्र तकनीकी जांच करवाई जाए, निर्दोष अधिकारी पर लगे आरोप वापस लिए जाएं, वास्तविक दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, संयंत्रों में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाए।

### पारदर्शिता ही समाधान

राज्य के करोड़ों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति जिन संयंत्रों पर निर्भर है, वहां यदि तकनीकी लापरवाही और प्रशासनिक पक्षपात का मिश्रण होगा तो परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। अब निगाहें ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्णय पर टिकी हैं–क्या सच सामने आएगा या फाइलों में दब जाएगा? यह मामला केवल एक अधिकारी का नहीं, बल्कि जवाबदेही बनाम व्यवस्था की विश्वसनीयता का है।

# कोटा व बारां जिले के 15 प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



स्मार्ट हलचल | कोटा

प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार कोटा एवं बारां जिले में नवीन पदस्थापित 15 प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

खाद्य जांच प्रयोगशाला कोटा के प्रभारी एवं खाद्य विश्लेषक मनीष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षुओं को प्रयोगशाला में खाद्य नमूना जमा करवाने, उसका विश्लेषण एवं जांच रिपोर्ट तैयार करने की वैधानिक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नियमानुसार, खाद्य सामग्री का नमूना लेने पर उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में खाद्य जांच प्रयोगशाला में जमा करवाना होता है। प्रशिक्षुओं को खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में निर्धारित शर्तों के अनुसार सैंपल की मात्रा लेने के बारे में जानकारी दी गई।

गुप्ता ने कहा कि जिस स्थान से खाद्य नमूना लिया जाता है उसकी सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित जांच रिपोर्ट प्रपत्र में उल्लेखित करना आवश्यक है। उन्होंने खाद्य नमूने की जांच में मिस ब्रांड, सब स्टैंडर्ड एवं असुरक्षित मानकों के बारे मे जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को खाद्य जांच प्रयोगशाला में खाद्य जांच नमूनों की जांच करने संबंधी प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया।

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभिहित अधिकारी नरेंद्र नागर ने प्रशिक्षुओं को खाद्य जांच प्रयोगशाला में नमूने की जांच के बाद तैयार रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय में की जाने वाली अग्रिम कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगले चरण में बूंदी जिले में नवनियुक्त प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को 18 व 19 फरवरी को तथा झालावाड़ जिले में नियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों को 24 व 25 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# ब्यावर में किशोर न्याय बोर्ड का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल | ब्यावर

किशोर न्याय बोर्ड, ब्यावर का विधिवत उद्घाटन माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरुन साहब द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख न्यायिक अधिकारीगण में विजय प्रकाश सोनी (एडीजे), वीणू नागपाल (एडीजे), गिरिजा भारद्वाज (एडीजे), ब्रह्मानंद शर्मा (एसीजेएम), प्रवीण चौहान (एसीजेएम), पंकज सांखला (एसीजेएम), प्रवीण शंकर (एमजेएम), मोनिका चौधरी (जेएम), हर्षित शर्मा (जेएम), सतीश फानिन (जेएम) तथा सुषमा जाखड़ (जेएम) उपस्थित रहे।

प्रशासन की ओर से अपर जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर ब्रह्मलाला जाट तथा किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अशोक दायमा भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ ही बाल विकास अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अभिषेक गुजराती की भी विशेष उपस्थिति रही। माननीय जिला न्यायाधीश महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि किशोर न्याय बोर्ड की स्थापना से बालकों से संबंधित प्रकरणों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण में सहायता मिलेगी तथा पुनर्वास एवं सुधार की भावना को बल मिलेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए बाल हित सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

# पोस मशीन की तकनीकी खामियों से राशन वितरण बाधित, कोटेदार व लाभार्थी परेशान

स्मार्ट हलचल | खखरेरू/फतेहपुर

धाता एवं विजयीपुर विकासखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हो रहा राशन वितरण इन दिनों पोस मशीनों में आ रही तकनीकी खामियों के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मशीनों में लगातार आ रही दिक्कतों से कोटेदारों के साथ-साथ लाभार्थियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, धाता विकासखंड की बड़ी ग्राम सभा कोट में स्थिति सबसे अधिक गंभीर बनी हुई है। यहां राशन वितरण की जिम्मेदारी तीन कोटेदारों को सौंपी गई है, लेकिन पिछले लगभग एक सप्ताह से मशीनों में तकनीकी खराबी के चलते वितरण प्रक्रिया सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है।

कोटेदारों द्वारा लाभार्थियों से फिंगरप्रिंट लगवाकर राशन तो दे दिया जाता है, लेकिन जब स्टॉक रसीद निकाली जाती है तो मशीन में स्टॉक 'जीरो' दर्शाया जाता है। ऐसी स्थिति में कोटेदारों को पुनः लाभार्थियों को ढूंढकर दोबारा फिंगरप्रिंट लगवाना पड़ता है, जिससे अनावश्यक भागदौड़ और असुविधा बढ़ रही है।

कोटेदार मोहम्मद मुकीम, बलागत अली एवं मोहम्मद शमीम ने बताया कि 'हम लोग जैसे ही फिंगर लगवाकर राशन वितरण करते हैं, बाद में स्टॉक जीरो दिखने लगता है। ऐसे में हमें लाभार्थियों को दोबारा बुलाकर प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है, जिससे काफी परेशानी हो रही है।'

इसी प्रकार विजयीपुर विकासखंड की कुली ग्राम सभा के बदन मऊ में भी मशीनों की तकनीकी खराबी के चलते वितरण कार्य प्रभावित है। कोटेदार भूरा ने बताया कि मशीन की खराबी की शिकायत उच्च अधिकारियों को पूर्व में ही दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

इस संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग के तकनीकी इंजीनियर संजय विश्वकर्मा ने बताया कि 'पोस मशीनों में ऊपर स्तर से तकनीकी गड़बड़ी आ रही है। जब तक समस्या पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती, तब तक कोटेदारों को राशन वितरण कार्य स्थगित रखने के निर्देश दिए गए हैं।' तकनीकी खामी के चलते क्षेत्र के सैकड़ों लाभार्थी राशन प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि पात्र परिवारों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

# छात्रा-अध्यापिकाओं को साइबर सुरक्षा व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वाधान में स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र बेडेन पॉवेल पार्क परिसर में 12 से 18 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसमें बीएसटीसी छात्रा-अध्यापिकाओं गाइड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत प्रतिभागियों को नियमित स्काउट-गाइड प्रशिक्षण के साथ साइबर अपराधों की रोकथाम व सुरक्षा विषयक विशेष जागरूकता सत्र प्रदान किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान सरकार एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में तैनात एएसआई श्याम गुर्जर, महिला कांस्टेबल लीला, गायत्री व बीना ने छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। इस दौरान छात्राओं को राजकोप ऐप की उपयोगिता समझाकर छात्राओं से ऐप डाउनलोड करवाया गया। इसके साथ ही साइबर ठगी के प्रकार, बचाव एवं घटना होने पर की जाने वाली कार्यवाही बताई गई। इसके अलावा आत्मरक्षा की मूल जानकारी के साथ ही आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने महिलाओं से संबंधित नवीन कानूनों की जानकारी देते हुए गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर शिकायत प्रक्रिया समझाई गई।

कार्यक्रम में सीओ स्काउट चन्द्र शंकर श्रीवास्तव, शिविर संचालक चतर सिंह राजपूत, स्काउटर सत्य नारायण सोमानी, अखिलेश श्रीवास्तव, कैलाशचन्द्र अहीर, रोवर पवन माली, रेंजर नेहा धाकड़ सहित प्रशिक्षक दल एवं प्रतिभागी छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# बजाज नगर में कलश यात्रा, रुद्राभिषेक व विशाल भंडारा सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | कोटा

बजाज नगर विकास समिति, बालिता रोड-कुन्हाड़ी द्वारा धार्मिक श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा पार्वतीपुरम स्थित रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर शिवम एन्क्लेव मार्ग से होती हुई बजाज नगर एवं हिम्मतनगर क्षेत्र के औंकारेश्वर धाम मंदिर तक सम्पन्न हुई।

यात्रा मार्ग में क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा एवं फल वितरण कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। कलश यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।

सायंकाल से देर रात्रितक चतुर्थ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग चार हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर बजाज नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रेम कलवार, सचिव विशाल कोठारी, मुकेश टंडन सहित पदाधिकारी उप-स्थत रहे। साथ ही होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल ग्वालानी एवं सचिव नरेश रजानी, महिला मंडल की सदस्यों तथा मुख्य अतिथि राकेश जैन (जिला अध्यक्ष, भाजपा कोटा), विशिष्ट अतिथि राकेश पुतरा एवं देवेंद्र हाड़ा (युवा नेता, भाजपा) सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत साफा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति पदाधिकारियों ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# खजवाना-गाजू रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** कुचेरा के खजवाना-गाजू रोड पर स्थित कपास फैक्ट्री के पास 29 वर्षीय दुर्गा राम की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दुर्गा राम, जो खजवाना के निवासी और हिम्मताराम लूणा के पुत्र थे, अपने गांव लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ।

गंभीर रूप से घायल दुर्गा राम को 108 एंबुलेंस द्वारा कुचेरा सीएचसी पहुंचाया गया। एंबुलेंस पायलट राकेश महिया और ईएमटी पूनमचंद टाक ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद उन्हें नागौर रेफर किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए जोधपुर भेजा गया। दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही दुर्गा राम ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी उनके भाई जयपाल ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कुचेरा सीएचसी के शवगृह में रखा और परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा राम कुचेरा निजी कार्य से आए थे और काम निपटाकर गांव लौट रहे थे। उनके पीछे तीन वर्षीय पुत्र डेविड है।

# बिनोता में महाशिवरात्रि पर चार दिवसीय पाटेश्वर महादेव मेले का शुभारंभ

## जिला व ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया उद्घाटन, मेवाड़ी परंपरा से हुआ स्वागत

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

निंबाहेड़ा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिनोता में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित चार दिवसीय पाटेश्वर महादेव मंदिर मेले का सोमवार रात्रि को विधिवत शुभारंभ हुआ। यह मेला 15 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है,जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की व्यापक भागीदारी देखी जा रही है।



मेले का उद्घाटन ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पत लाल धाकड़ एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक स्वागत कर धार्मिक आयोजन की शुरुआत की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के मेला स्थल पर पहुंचने पर ग्राम पंचायत बिनोता के प्रशासक इश्वरलाल मीणा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती अशोक देवी कुमावत, अभय बाफना, कैलाश दुबे, यशवंत सेन, प्रसन्न डोसी, हरिओम आचार्य, रामचंद्र सुथार, दीपक दुबे, कांग्रेस से प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष नानूराम खटीक, भेरूलाल अन्यावड़ा, दिनेश भारद्वाज, रतनलाल पटेल, प्रवीण साहू, लाल अन्यावड़ा,दिनेश मेनारिया सहित मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा मेवाड़ी परंपरा अनुसार मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, उपर्णा ओढ़ाकर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने महाशिवरात्रि के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल में सामाजिक समरसता,धार्मिक आस्था एवं आपसी भाईचारा सुदृढ़ होता है। मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जा रही हैं। चार दिवसीय मेले में क्षेत्रभर से श्रद्धालु दर्शन एवं मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, बजरी से भरा ट्रैक्टर व गार्नेट सेपरेटर मशीन जब्त

स्मार्ट हलचल | रोपा

अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पारोली थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन और खनन उपकरण पर शिकंजा कसा है। पारोली थाना प्रभारी सियाराम ने बताया कि सोमवार को पारोली कस्बे में गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इसके अलावा शिवसागर के निकट संचालित अवैध गार्नेट सेपरेटर मशीन को भी पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया।

# कोटा के तालाबों को बचाने व अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | कोटा

चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओ के संयोजक कुन्दन चीता एवं हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति संभागीय के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित के नेतृत्व में किशोर सागर तालाब की पाल पर पर्यावरण प्रेमियों एवं सामाजिक कार्याकर्ताओं के पदाधिकारियों ने कोटा के बचे हुए तालाबों को बचाने एवं जिन तालाबों पर अतिक्रमण हो गया है उसको हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर कोटा शहर के नागरिकों एवं प्रशासन एवं सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाने का प्रसास किया गया है । हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि जब शहर में अतिक्रमण होते है तो अधिकारी सोते रहते है तथा जब बस्तीयां बस जाती है तो फिर इनकी नींद खुलती है, उन्होने कोटा के विधायक संदीप शर्मा के विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा की यह एक अच्छी पहल है, लेकिन यदि सरकार इस पर ध्यान नहीं देती है तो ऐसे प्रश्न केवल विधानसभा के प्रश्न बनकर ही रह जाते है । चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओं के संयोजक कुन्दन चीता ने राजनैतिक पाटीर्यो के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सभी अतिक्रमण उनकी देखरेख एवं उनके संरक्षण में होते है, इसलिए प्रशासनिक अधिकारी भी मौन रहते है, विरासतकालीन व हमारी संस्कृति के प्रतीक इन तालाबों से अतिक्रमण हटने ही चाहिए और जो तालाब शेष बच गए है, उन्हे भी सरकारी संरक्षण की सख्त आवश्यकता है, उन्होने कहा की भाजपा का बुल्डोजर राजस्थान में अतिक्रमण पर क्यों खामोश है यह बात जनता के समझ से बाहर है । आज प्रदर्शन करने वालों में हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के पदाधिकारी महामंत्री विरेन्द्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकर चिरोरा, उपाध्यक्ष गणेश दत्त दाधिच, सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रमोद चतुर्वेदी, अरूण भार्गव, अशोक जैन, आरिफ बोकड़ा, उपस्थित रहे ।

# उदयपुर जयपुर आगरा वंदे भारत ट्रेन बंद होने पर पूर्व मंत्री जाड़ावत ने उठाए सवाल कहा- कमाई नहीं जन सुविधाओं का साधन है ट्रेने

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिह जाड़ावत ने वंदे भारत ट्रेन को बंद करने को लेकर कहा कि भारतीय रेल को आम जनता के लिए सुविधा और पहुँच का प्रमुख साधन माना जाता है, न कि केवल कमाई का जरिया, यह देश की संपत्ति है और जन-सुविधाओं के लिए चलती रहनी चाहिए थी।



पूर्व राज्यमंत्री ने अपने बयान में कहा कि उदयपुर वाया चित्तौड़गढ़ अजमेर जयपुर आगरा चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को यात्री भार नहीं मिलने के कारण बंद करना तर्क संगत नहीं है। उन्होंने कहा है चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने वंदे भारत ट्रेन चलने को एक बड़ी उपलब्धि बताया था जिसे अल्प समय में बंद करने आमजन को होने वाली असुविधा को लेकर भी उत्तर देना चाहिए कि ट्रेन और बस कमाई के लिए चलाई जाती है या जनता की सहूलियत के लिए इन संसाधनों का उपयोग होता है। सांसद अगर प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री से आग्रह कर इसके किराए में कमी करवाते तो मध्यम वर्गीय लोगों को लंबे समय तक सुविधाओं का लाभ मिलता उदयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, जयपुर, आगरा सभी पर्यटन स्थल है किराए की न्यूनतम दरें कर ट्रेन को चलाते तो यात्री भार भी बढ़ता एवं आमजन को सुविधाओं का लंबे समय तक लाभ भी मिल सकता था, किन्तु यात्री भार की कमी बताकर बंद करना न्यायोचित नहीं है।

# चित्तौड़गढ़ सेनेट्री एसोसिएशन ने किया उपमुख्यमंत्री दिया का अभिनंदन



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

चित्तौड़गढ़। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा विधानसभा में वर्ष 2026-27 के पेश बजट का चित्तौड़गढ़ सेनेट्री एसोसिएशन के पदाधिकारियो द्वारा स्वागत करते हुए जयपुर में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी का अभिनंदन किया गया। चित्तौडगढ़ सेनेट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष पिंटू मोदी ने बताया की राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा ऐतिहासिक बजट पेश किया गया है। इस बजट से सेनेट्री व्यवसाय को बहुत लाभ होगा। ऐसोसिएशन के पदाघिकारियो द्वारा जयपुर जाकर विधानसभा परिसर में विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी का उपरना ओढ़ाकर व मेवाड़ी पाग पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान ऐसोसिएशन के पदाधिकारियो व सदस्यो द्वारा विधानसभा की कार्यवाही भी देखी गई।

# जयपुर में गूंजा 'पैग़ाम-ए-मोहब्बत': इमरान प्रतापगढ़ी और दिग्गज कांग्रेस नेताओं ने दिया नफरत के खिलाफ एकजुटता का संदेश

स्मार्ट हलचल





**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आयोजित विशाल सद्भावना सम्मेलन 'पैग़ाम-ए-मोहब्बत' जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने से आए हजारों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की और राहुल गांधी जी के प्रेम व भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने ओजस्वी और धारदार संबोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि 'आज देश को बांटने वाली ताकतें सक्रिय हैं, लेकिन हम राहुल गांधी जी के सिपाही हैं जो नफरत का जवाब सिर्फ मोहब्बत से देना जानते हैं। 'पैग़ाम-ए-मोहब्बत' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक मिशन है। राजस्थान की इस वीर धरा से उठा यह संदेश पूरे देश में गूंजेगा कि हम नफरत की दीवारें गिराकर दिलों को जोड़ने का काम करेंगे। सरकारी तंत्र चाहे जितनी नफरत फैलाए, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाईचारे का चिराग जलाएगा। '

कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने की। सम्मेलन में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'पैग़ाम-ए-मोहब्बत' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे सरकारी संरक्षण में फैल रही नफरत का जवाब पूरी ताकत और 'मुहब्बत' के साथ दें। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी सहित विधायकगण, ,द्धष्टष्ट सचिव एवं प्रदेश के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्यावर जिले की दमदार भागीदारी

इस सम्मेलन में ब्यावर जिलाध्यक्ष अजमत काठात के नेतृत्व में ब्यावर जिले से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराई। ब्यावर से आए कार्यकर्ताओं के जोश और अनुशासन की प्रदेश नेतृत्व ने विशेष रूप से सराहना की। अजमत काठात ने इस अवसर पर कहा कि ब्यावर का हर कार्यकर्ता इस पैगाम को गांव-ढाणी तक लेकर जाएगा।

इस सम्मेलन में ब्यावर जिले से कांग्रेस नेता और पूर्व जिला प्रवक्ता एडवोकेट अजय शर्मा, कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, प्रो जलालुद्दीन काठात, सरदारा काठात, श्रवण सरपंच, अशरफ़ काठात, बशीर मोहम्मद, रमेश काठात, हाकिम काठात, आदम काठात, सुलेमान काठात, अब्दुल रज़्ज़ाक़, बाबू खान, याकूब खान, हाजी अब्दुल सत्तार, रज़्ज़ाक़ मोहम्मद, सत्तार मोहम्मद, उस्मान पठान, मोहम्मद दाऊद क़ुरैशी, शहज़ाद अहमद मसूरी, साबुद्दीन खरवा, इस्माइल हबीब, रियाज़ काठात, हमीद नागौरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भागीदारी निभाई।

महवा पुलिस की सटीक कार्रवाई

# 3 कछुओं के साथ वन्यजीव तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**महवा।** आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय' के संकल्प के तहत पुलिस थाना महवा ने वन्यजीव तस्करी के मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 03 जीवित कछुए बरामद कर उन्हें वन विभाग टीम को सुपुर्द कर दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक दौसा सागर राणा के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक दौसा हेमन्त कलाल के मार्गदर्शन में, वृत्ताधिकारी महवा मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में थाना महवा के थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार (पु.नि.) के नेतृत्व में गठित टीम ने 16 फरवरी 2026 को ठेकड़ा बाईपास पर यह कार्रवाई की।

वन्यजीव संरक्षण अभियान के दौरान पुलिस ने आरोपी लाडला पुत्र रवि,जाति सींगीवाल निवासी कॉलेज के पास सपेरा बस्ती गंगापुर (हाल मंडावरा फाटक, हिंडोन सिटी जिला करौली) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 03 कछुए बरामद किए गए। वहीं जानकारी मैं पाया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में गांव गांव जाकर लोगों को पैसों का लोभ देकर अपने झांसे में ले लेते हैं और उनसे बोलते हैं कि अगर हमको पीले कलर का कछुआ मिल जाए तो 60 लाख रुपए मिलेंगे लोग पैसे की चक्कर में सब कुछ भूल जाते हैं और लोगों से बोलते हैं हम आपको पीला कलर का कछुआ दिला देंगे फिर उनसे पांच या दस लाख रुपए की मोटी रकम ऐंठकर उस जगह से गायब हो जाते हैं लोग बदनामी की वजह से थानों में नहीं जाते हैं। वहीं ये गैंग कछुआ नाम से प्रसिद्ध है। वहीं महवा थाना पुलिस के जांबाज सिपाही राजेश कुमार ने आरोपी को पकड़ने में अपनी जान को जोखिम में डालकर विशेष भूमिका निभाई है।

इस संबंध में थाना महवा पर प्रकरण संख्या 81/2026 धारा 9/51 वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

# आरएनटी विधि महाविद्यालय में दीवानी मूट कोर्ट का आयोजन




**चित्तौड़गढ़।** स्थानीय आरएनटी विधि महाविद्यालय में विधि तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीवानी मूट कोर्ट का आयोजन किया गया।

विधि व्याख्याता जफर हुसैन वैलिम ने बताया कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा न्यायालयीन प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित सत्र के प्रथम मूट कोर्ट में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं गंभीरता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विधि व्याख्याता वैलिम ने कहा कि मूट कोर्ट विद्यार्थियों के लिए न्यायालय की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का सर्वोत्तम माध्यम है। इससे उनमें तर्कशक्ति, विधिक विश्लेषण क्षमता एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास होता है। मूट कोर्ट में संजय शर्मा बनाम विनीता शर्मा शीर्षक दीवानी वाद पर सुनवाई की गई। यह मामला विशेष विवाह अधिनियम,1954 के अंतर्गत संपन्न विवाह से संबंधित था। संक्षिप्त तथ्यों के अनुसार पति द्वारा मानसिक क्रुरता एवं अभित्यजन के आधार पर जिला न्यायालय में विवाह विच्छेद की याचिका प्रस्तुत की गई थी। दोनों पक्ष प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी बताए गए, जिनके मध्य वैवाहिक जीवन में उत्पन्न मतभेदों को मूट कोर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। मूट कोर्ट में विधि विद्यार्थियों ने विभिन्न न्यायालयीन भूमिकाएँ निभाई। मूट कोर्ट में विद्यार्थियों ने तथ्य एवं विधिक प्रावधानों के आधार पर अपने-अपने पक्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# विपिन जाट प्रदेश महासचिव नियुक्त

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव ने संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता विपिन जाट को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष कविश शर्मा ने बताया कि संगठन में लम्बे समय से सक्रिय विपिन जाट की नियुक्ति से जिला संगठन को मजबूती मिलेगी।

# अवैध खनन में लिप्त जेसीबी, डंपर व अन्य वाहन जब्त

**चित्तौड़गढ़।** जिले की निम्बाहेड़ा तहसील के पटवार हल्का बांगेड़ा घाटा में अवैध खनन रोकते समय पटवारी सुनील विश्नोई के साथ हुई मारपीट एवं छीना-झपटी की घटना पर जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है।

जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देश पर पुलिस एवं माइनिंग विभाग द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी, एक एलएनटी मशीन, चार डंपर, एक मोटरसाइकिल व एक स्कॉर्पियो जीप जब्त किए गए हैं। उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा विकास पंचोली ने बताया कि पुलिस द्वारा बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त कदम उठाए जाएंगे।

मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

अवैध खनन रोकने पर पटवारी के साथ मारपीट के मामले में कनेरा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से एलएनटी, डम्पर व जेसीबी जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 15 फरवरी को बांगेडा घाटा के पटवारी सुनिल कुमार पुत्र जयकिशन सारण विश्नोई ने कनेरा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि दोपहर 12 बजे वह उसके साथी प्रवीण खीचड़ के साथ गांव दीपपुरा में गिरदावरी क्रॉप कटिंग कार्य हेतु जा रहे थे। इसी बीच बांगेड़ा क्षेत्र में चारागाह भूमि पर कुछ लोग जेसीबी व एलएनटी मशीन से मिट्टी खोदकर डम्परों में भर रहे थे। इस पर वह अवैध खनन को रोकने के लिये गए व पर्चा मौका बना रहे थे, इसी दौरान मोटर साइकिल से शौकीन पुत्र रामनाथ जोगी निवासी मनोहर खेड़ी आया और उनके साथ गाली गलौच कर थप्पड़ मार दिये। इसके साथ थोडी देर बाद वहां राधेश्याम पुत्र रामनाथ जोगी निवासी मनोहर खेड़ी आया, जिसने आते ही गाली गलौच कर उसके साथी प्रवीण के साथ मारपीट की। दोनो ने पर्चा मौका फाड़ कर राज्य कार्य में बाधा पहुंचाई। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना स्थल से जेसीबी, डम्पर तथा एलएनटी मशीन को जब्त किया। इसके साथ ही प्रकरण में वांछित शौकीन जोगी और राधेश्याम जोगी को गिरफ्तार कर लिया।

# ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बाइक चालकों पर यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 50 से अधिक अवैध साइलेंसर बुलडोजर से किए नष्ट



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर में ध्वनि प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए यातायात पुलिस ने सख़्त कदम उठाए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तेज़ आवाज़ और कानफोड़ू साइलेंसर लगाने वाले बाइक चालकों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान चांग गेट स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर ज़ब्त की गई बाइकों के 50 से अधिक अवैध साइलेंसर बुलडोजर की मदद से नष्ट किए गए।

पुलिस का कहना है कि ऐसे साइलेंसर न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि आमजन में दहशत और असुविधा भी पैदा करते हैं। यातायात शाखा द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में डिप्टी राजेश कसाना, ट्रैफिक इंचार्ज पूनम चंद विश्नोई, मंगल सिंह, सहित यातायात पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही। अभियान के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान एवं ज़ब्ती की कार्रवाई लगातार जारी है।

पुलिस ने शहरवासियों से यातायात नियमों का पालन करने, अवैध साइलेंसर का उपयोग न करने और ध्वनि प्रदूषण से बचने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजस्थान पुलिस आगे भी ऐसे तत्वों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई जारी रखेगी।

# असफलता को आत्मविश्वास से सफलता में बदले: सेठिया



**चित्तौड़गढ़।** असफलताओं को सफलता में बदलने के लिए दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास जरूरी है। व्यक्ति को जीवन में कभी निराश नही होकर स्वयं के जीवन को तराश कर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए।

भारत स्काउट गाइड के जिला प्रधान व मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आईएम सेठिया ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वाधान में बीएसटीसी छात्र अध्यापिका गाइड ग्रुप के सात दिवसीय प्रक्षशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में हमे ही संघर्ष कर खुद के व्यक्तित्व का निर्माण करना पड़ेगा और इसके लिए वर्तमान निराशावादी जीवन शैली को सकारात्मक आशावादी जीवन शैली में बदलने की जरूरत है। विद्यार्थी अपने मन की कमजोरी को निकाल फेंके की मेरे लिए यश असंभव है या में नही कर सकती। आज हमें ही यह तय करना होगा की हम भीड़ का हिस्सा बनना चाहते हैं या भीड़ का नेतृत्व करना चाहते हैं। उन्होंने कई महापुरुषों के जीवन की प्रेरणादाई उदाहरण बताते हुए बच्चो को समय प्रबंधन का भी महत्व बताया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सीओ स्काउट चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। शिविर संचालक चतर सिंह राजपूत ने शिविर दिनचर्या के बारे में बताया। स्काउटर सत्यनारायण सोमानी, अखिलेश श्रीवास्तव, कैलाशचंद्र अहीर, रोवर पवन माली, नेहा धाकड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में कैलाश अहीर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अतिरिक्त दहेज की मांग पर तिलक से दो दिन पहले शादी से किया इनकार

स्मार्ट हलचल | खखरेरू/फतेहपुर

थाना क्षेत्र के किशनपुर चिराई गांव निवासी मुकेश कुमार ने आरोप लगाया है कि लड़का पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर तिलक समारोह से दो दिन पूर्व शादी से इनकार कर दिया गया।

पीड़ित मुकेश कुमार के अनुसार उसकी बहन का विवाह हथगांव थाना क्षेत्र के पूरे कस्बा निवासी गोरेलाल पुत्र रामेश्वर के साथ तय हुआ था। तिलक की तिथि 6 फरवरी तथा विवाह 12 फरवरी निर्धारित थी। आरोप है कि 4 फरवरी को गोरेलाल, उसके पिता रामेश्वर तथा मां रेखा देवी उनके घर पहुंचे और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

मुकेश कुमार का कहना है कि उसने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए तथा निमंत्रण पत्र वितरित हो जाने की बात कहकर काफी मान-मनौव्वल किया, लेकिन लड़का पक्ष ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए शादी से साफ इनकार कर दिया। इस घटना से पीड़ित परिवार एवं उसकी बहन को गहरा आघात पहुंचा है। इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# होली: आस्था, उल्लास और सामाजिक समरसता का महापर्व

स्मार्ट हलचल

लेखक एजाज़ अहमद उस्मानी

**फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला होली का त्योहार भारतीय संस्कृति का एक जीवंत और रंगों से भरा पर्व है। यह केवल रंगों और उत्सव का दिन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक संदेश का प्रतीक है। सदियों से यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता आया है।**



### सांभर लेक में नन्दकैश्वर मेले की परंपरा

जयपुर जिले के सांभर में होली के अवसर पर प्रसिद्ध नन्दकैश्वर मेला आयोजित किया जाता है। यह मेला स्थानीय श्रद्धालुओं और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र होता है। मेले में भगवान शिव के नन्दकैश्वर स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है और श्रद्धालु मंगलकामनाओं के साथ दर्शन करते हैं। मेले के दौरान लोकगीत, भजन-कीर्तन और पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ग्रामीण परिवेश में ढोल-नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाए जाते हैं, जो होली के उल्लास को और भी जीवंत बना देते हैं। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सजकर सामूहिक रूप से फाग गाती हैं, जबकि पुरुष होली की चौपाल सजाकर आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।



## पौराणिक आधार और धार्मिक मान्यता

होली का सबसे प्रमुख आधार भक्त प्रह्लाद और असुरराज हिरण्यकश्यप की कथा से जुड़ा है। मान्यता है कि हिरण्यकश्यप ने कठोर तपस्या कर वरदान प्राप्त किया और स्वयं को ईश्वर मानने लगा। उसने अपने राज्य में भगवान की पूजा पर प्रतिबंध लगा दिया।किन्तु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। यह बात हिरण्यकश्यप को स्वीकार नहीं थी। उसने प्रह्लाद को अनेक यातनाएँ दीं, परंतु हर बार ईश्वर ने उसकी रक्षा की। अंततः हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका की सहायता ली, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था।होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठी, लेकिन वरदान का दुरुपयोग करने के कारण वह स्वयं जल गई और प्रह्लाद सुरक्षित बच गया। इसी घटना की स्मृति में फाल्गुन पूर्णिमा की रात 'होलिका दहन' किया जाता है। यह परंपरा आज भी बुराई के दहन और सत्य की विजय का प्रतीक मानी जाती है।

## भगवान नरसिंह और धर्म की स्थापना

पौराणिक कथा के अनुसार, जब हिरण्यकश्यप का अत्याचार चरम पर पहुँचा, तब भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार धारण कर उसका वध किया। यह प्रसंग धर्म की स्थापना और भक्तों की रक्षा का संदेश देता है।

## राधा-कृष्ण की रंगभरी होली

होली का एक अन्य स्वरूप ब्रज क्षेत्र में विशेष रूप से देखा जाता है, जहाँ यह पर्व भगवान कृष्ण और राधा की लीलाओं से जुड़ा है। कथाओं के अनुसार, श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ रंग खेलकर होली की परंपरा को लोकप्रिय बनाया। आज भी बरसाना की लठमार होली और वृंदावन की फूलों की होली विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। यहाँ होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि भक्ति और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम है।

## सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

होली समाज में समरसता और एकता का संदेश देती है। इस दिन लोग अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गले मिलते हैं। जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव की दीवारें इस अवसर पर कमजोर पड़ जाती हैं। इसके साथ ही होली वसंत ऋतु के आगमन और नई फसल के स्वागत का भी प्रतीक है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान नई उपज की खुशी में इस पर्व को उत्साह से मनाते हैं। लोकगीत, फगुआ और पारंपरिक व्यंजन इस उत्सव की रौनक को और बढ़ा देते हैं।

## परंपरा और सामाजिक समरसता

सांभर लेक की होली सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का प्रतीक है। यहां होली का उत्सव केवल रंग खेलने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम भी है। छोटे-बड़े, सभी वर्गों के लोग मिलकर इस पर्व को मनाते हैं, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना प्रबल होती है। अंततः कहा जा सकता है कि सांभर लेक की होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि लोक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव है। नन्दकैश्वर मेले की रौनक और पारंपरिक आयोजन इसे राजस्थान की विशिष्ट होली उत्सवों में एक अलग स्थान प्रदान करते हैं।

### होली का संदेश

होली हमें यह सिखाती है कि अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है। भक्ति, सत्य और धर्म की राह कठिन अवश्य हो सकती है, परंतु अंततः विजय उसी की होती है। यह पर्व हमें जीवन की नकारात्मकता को त्यागकर प्रेम, आनंद और सकारात्मकता के रंगों से जीवन को रंगने की प्रेरणा देता है।

### निष्कर्ष

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत उत्सव है। यह धर्म, परंपरा और सामाजिक सौहार्द का संगम है। होलिका दहन हमें बुराइयों को जलाने की प्रेरणा देता है, जबकि रंगों की होली जीवन में उल्लास और प्रेम का संचार करती है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि हम इस पर्व को पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाएँ। तभी होली का वास्तविक संदेश–सत्य, प्रेम और एकता–सार्थक हो सकेगा।

# एआई तकनीक से सशक्त होंगे किसान, भारत विस्तार पोर्टल प्रारंभ

**चित्तौड़गढ़।** राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी पहल भारत विस्तार पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं प्रदेश के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने डिजिटल माध्यम से इस सेवा को राष्ट्र को समर्पित किया। भारत विस्तार कृषि क्षेत्र के लिए एक बहुभाषी, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित संवादात्मक परामर्श प्रणाली है। यह प्रणाली एग्रीस्टैक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारतीय मौसम विभाग और विभिन्न मंडी मूल्यों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करती है। इसके माध्यम से किसानों को परामर्श सेवाएं, मंडी भाव, कृषि ऋण, फसल बीमा तथा सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी मिल सकेगी, जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और जोखिम कम होगा। किसान इस सुविधा का लाभ मोबाइल ऐप के माध्यम से या हेल्पलाइन नंबर 155261 पर कॉल करके ले सकते हैं। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. शंकर लाल जाट ने बताया कि जिला कलक्टर आलोक रंजन के सानिध्य में इस कार्यक्रम का जिले भर में वेबकास्टिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। जिले के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित इस लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में कृषि विभाग के 204 अधिकारियों-कार्मिकों तथा जिले के 3255 प्रगतिशील कृषकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि भारत विस्तार जैसी एआई आधारित प्रणाली किसानों और विभाग के बीच की दूरी को कम करेगी तथा किसानों को घर बैठे विशेषज्ञों की सलाह उपलब्ध कराएगी।



## अधिक वजन की महिलाओं को फायब्रॉइड का खतरा

अधिक वजन वाली महिलाओं को फायब्रॉइड (गांठ) का खतरा बना रहता है। शुरुआत में रोग के लक्षण नहीं दिखते। मुख्य रूप से लक्षण फायब्रॉइड के आकार, संख्या या वह गर्भाशय की किस दीवार पर है इसपर निर्भर करता है। गर्भाशय की मांसपेशियों में वृद्धि होकर गांठ का रूप ले लेना यूट्रस फायब्रॉइड की समस्या है। ज्यादातर मामलों में ये गांठें कैंसर की नहीं होती हैं पर कुछ मामलों में ये कैंसर में बदल सकती हैं। सोनोग्राफी से गांठ के आकार व जगह का पता चलता हैं।

जगह के अनुसार माहवारी अधिक या इस दौरान रक्त के ज्यादा थक्के निकलना जैसे समस्या होती है। खून की कमी से थकान व कमजोरी रहती है। यूरिन संबंधी परेशानी भी हो सकती है।

हार्मोन्स में गड़बड़ी फायब्रॉइड की मुख्य वजह है। विशेषकर अधिक वजन, अधिक उम्र, गर्भनिरोधक दवाएं लेने व गर्भवती महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन ज्यादा स्त्रावित होने से फायब्रॉइड बनने लगाता है। गंभीर स्थिति में किडनी में सूजन आ जाती है।

40 से अधिक उम्र की जो महिलाएं बच्चा चाहती हैं उनमें इस गांठ को निकाल देते हैं। वहीं, अधिक उम्र में यूट्रस को पूरी तरह से बाहर निकालना एक विकल्प है। आयुर्वेद में लक्षणों के साथ गांठ के आकार को बढऩे से रोकने पर इलाज होता है। इसके लिए रोगी को जौ का दलिया, सत्तू व रोटी, शाली चावल घी संग खीर बनाकर, गुलाब की पंखुडिय़ां या धागामिश्री खाने को देते हैं। शोधन चिकित्सा में वमन, विरेचन कराते हैं। इमरजेंसी में जब महिला को सामान्य से अधिक ब्लीडिंग हो तो हेमामिलिस, कार्बोनेज दवा अन्य लक्षण, रोगी की स्थिति व गांठ की जगह देखकर देते हैं।

गर्भधारण के अलावा जिनकी फैलोपियन ट्यूब के नजदीक, ग्रीवा के मुंह पर यदि फायब्रॉइड हैं तो इंफर्टिलिटी का खतरा रहता है। गर्भावस्था के साथ यदि फायब्रॉइड हों तो गर्भपात होने की आशंका रहती है। गर्भावस्था के दौरान ये फायब्रॉइड शिशु की सामान्य पोजिशन को भी बदल देती हैं। लंबे समय तक नजरअंदाज करने पर तेज दर्द हो सकता है और महिला कोमा में जा सकती है।

## घरेलू उपायों से हमारी सुंदरता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं

खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं आजकल तरह तरह के उपाय करती हैं और महंगे सौंदर्य प्रसाधनों का इस्तेमाल करती हैं पर क्या आप जानती हैं खूबसूरती का खजाना आपके रसोईघर में ही उपलब्ध है। आपके घर में ऐसे कई खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जो हमारी सुंदरता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

प्रतिदिन चेहरे पर रुई के फाहे से कच्चा दूध लगाने पर चेहरे पर मौजूद ध्बे हल्के हो जाते हैं। बाद में चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से साफ कर लें ।आलू का रस निकालकर त्वचा पर लगाने से दाग-धब्बों से राहत मिलती है। आलू में मौजूद पोटैशियम सल्फर, फास्फोरस और कैल्शियम त्वचा की सफाई में मदद करता है।

कच्चे आलू को काटकर आंखों के नीचे प्रतिदिन थोड़ी देर मलने से आंखों के नीचे का

कालापन दूर होता है और त्वचा की रंगत भी निखरती है ।शोधों से पता चला है कि आलू का रस बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में स्टार्च पाया जाता है, जिससे बालों में मौजूद अतिरिक्त तेल साफ हो जाता है। यही नहीं कच्चे आलू के रस से बालों को धोने पर बाल मजबूत होते हैं।

संतरा : चेहरे पर प्रतिदिन संतरे का ताजा रस लगाने से निखार आता है।

संतरे के छिलकों को थोड़े से पानी के साथ अच्छी तरह पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से मुहांसों की समस्या दूर होती है। अगर आपकी त्वचा रूखी है तो संतरा एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर का काम करता है। एक चम्मच संतरे के रस में आधा चम्मच शहद और एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में साफ करें।

एक सेब लेकर उसे अच्छी तरह मसल लें। इसे चेहरे पर फेसपैक की तरह लगाएं। इससे त्वचा में निखार आता है। साथ ही कसावट भी आती है। सेब की एक स्लाइस काटकर इसे दांतों पर मलने से दांतों में चमक आती है। चेहरे पर ताजा अनानास का रस लगाने से त्वचा में निखार आता है। बेहतर परिणाम के लिए इसे दिन में कई बार लगाएं।



काफी कारगर हो सकता है दर्द को दूर करने के लिए घरेलु नुस्खा में अधिकतर महिलाएं जोड़ों के दर्द से परेशान रहती हैं। इससे उन्हें उठने-बैठने के अलावा करवट लेने में भी तकलीफ होती है। कई बार तो तापमान कम होने के साथ ही यह जोड़ों का दर्द असहनीय भी जाता है ऐसे में कुछ घरेलु उपाय अपनाकर आप जोड़ों के दर्द से राहत पा सकती है।



## काफी कारगर हो सकता है दर्द को दूर करने के लिए घरेलु नुस्खा

जोड़ों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए व्यायाम तो एक कारगर तरीका है ही दर्द को दूर करने के लिए घरेलु नुस्खा भी काफी कारगर हो सकता है। इसमें किसी प्रकार का खर्च भी नहीं लगता।

नींबू के इस्तेमाल से जोड़ों के दर्द से निजात पाई जा सकती है। नींबू के छिलके को घुटने पर लगाने से दर्द में काफी आराम मिलता है। नींबू में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। नींबू में मैग्नीशियम, पोटैशियम, कैल्शियम विटामिन ए, सी, बी1 और बी6 पाया जाता है। ये सभी पोषक तत्व ही दर्द से आराम दिलाते हैं।

जोड़ों के दर्द को दूर करने के लिए सबसे पहले 2 नीबूं के छिलके और तकरीबन 100एमएल ऑलिव ऑयल लेना होगा। इसके बाद नींबू को किसी जॉर में डालें और फिर इसमें ऑलिव ऑयल डालिए। ऐसा करने के बाद करीब दो हफ्तों तक जॉर को बंद करके रख दें। 2 हफ्तों के बाद इस मिश्रण को रेशमी कपड़े में लेकर रात को दर्द की जगह लगाकर उसे बैंडेज से ढंककर छोड़ दें। ऐसा करने से धीरे-धीरे पुराने से पुराना दर्द भी दूर हो जाएगा।





## गर्भावस्था में बढ़े वजन को इस प्रकार करें कम

गर्भावस्था के बाद महिलाओं में वजन बढ़ बढ़ना एक आम समस्या है जिसे ठीक करने व्यायाम के साथ ही खानपान का भी ध्यान रखना होगा। इसके अलावा हमारी रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसाले भी उपयोगी रहते हैं। खासकर जीरे वाला पानी विशेष रुप से लाभदायक रहेगा।

जीरे वाला पानी शरीर के कॉलेस्ट्रॉल और बीपी को ठीक करता है। इससे दिल की बीमारी का खतरा भी कम होता है।

शरीर में ग्लूकोज का स्तर ठीक रहता है, डायबिटीज का खतरा भी कम होता है।

डिलीवरी के बाद जीरे वाला पानी वजन घटाने में मददगार साबित होता है।

यह भी माना जाता है कि गर्भावस्था के बाद जीरा पानी पीने से दूध न बनने की समस्या भी ठीक होती है। इस पानी से दूध बनने लगता है।

जीरा पानी से रक्त संचार ठीक होता है। शरीर में समान रूप से रक्त का संचार होता है, जिससे मांसपेशियों के विकास में भी मदद मिलती है। मांसपेशियों में लगी चोट भी इससे ठीक होती है।

जीरा पानी पीने से मेटाबोलिज्म ठीक होता है। इसकी वजह से वजन नहीं बढ़ता।

यह खून की कमी अनीमिया से भी बचाता है।

बुखार कम करने में भी जीरे का पानी सहायक है। इसे पीने से छोटा-मोटा बुखार तो ऐसे ही उतर जाता है।

जीरा पानी पीने से नींद अच्छी आती है। इसलिए अगर आपको नींद न आने की समस्या है तो रोजाना जीरे वाला पानी पीने की आदत डालें।

## ठंड में इन 5 बीमारियों से रहें सावधान

### नहीं तो लापरवाही पड़ सकती है भारी

फरवरी का महीना शुरू हो चुका है, लेकिन उत्तर भारत में सर्दी का असर अभी भी बना हुआ है। पहाड़ी इलाकों में हो रही लगातार बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में तापमान में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है। कई इलाकों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे ठंड और ज्यादा बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले कुछ दिनों तक उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। इस बदलते मौसम को लेकर डॉक्टरों ने चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों का कहना है कि अचानक बढ़ती ठंड कुछ खास बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी सेहत को बिगाड़ सकती है।

दिल के मरीजों पर सबसे ज्यादा खतरा

डॉक्टरों के मुताबिक, सर्दी का सबसे ज्यादा असर दिल के मरीजों पर पड़ता है।

ठंड में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और हार्ट अटैक का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है।

सुबह-सुबह ठंडी हवा में टहलने से बचें


नियमित दवाइयों में कोई लापरवाही न करें

शरीर को पूरी तरह गर्म रखें

सीने में दर्द, सांस फूलना या अत्यधिक थकान महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

अस्थमा और सांस की बीमारी वालों को सतर्क रहने की जरूरत

ठंड बढ़ने के साथ अस्थमा और सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की परेशानी



बढ़ जाती है।

ठंडी हवा के कारण सांस लेने में दिक्कत, खांसी और घरघराहट जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं।

बाहर निकलते समय मास्क पहनें

ठंडी चीजों के सेवन से बचें

डॉक्टर द्वारा दी गई दवाएं और इनहेलर नियमित रूप से लें

रात के समय अतिरिक्त सावधानी बरतें।

डायबिटीज मरीजों का बिगड़ सकता है शुगर लेवल

सर्दी के मौसम में शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं, जिसका सीधा असर ब्लड शुगर लेवल पर पड़ता है।

इसके अलावा हाथ-पैरों में सुन्नता और घावों के देर से भरने की समस्या भी बढ़ सकती है।

नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच करें

संतुलित और पौष्टिक आहार लें

रोजाना हल्की-फुल्की एक्सरसाइज जरूर करें।

जोड़ों के दर्द और आर्थराइटिस के मरीजों को परेशानी

ठंड के कारण जोड़ों में जकड़न और दर्द की समस्या आम हो जाती है।

खासकर बुजुर्गों और आर्थराइटिस के मरीजों को अधिक दिक्कत होती है।

गर्म कपड़े पहनें

हल्की स्ट्रेचिंग और योग को दिनचर्या में शामिल करें

लंबे समय तक ठंडी जगह पर बैठने से बचें।

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए खतरे की घंटी

डॉक्टरों के अनुसार, सर्दी में शरीर का तापमान बनाए रखने के लिए ब्लड फ्लो में बदलाव होता है।

जिससे बीपी अचानक बढ़ सकता है।

ज्यादा ठंड में बाहर निकलने से बचें

नमक का सेवन सीमित रखें

तनाव से दूरी बनाएं

नियमित रूप से ब्लड प्रेशर चेक करते रहें।

डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी के मौसम में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। सही दिनचर्या, समय पर दवाइयां और मौसम के अनुसार सावधानी बरतकर इन बीमारियों से होने वाले खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## हमारी त्वचा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है वायु प्रदूषण

वायु प्रदूषण यानि (स्मॉग) सिर्फ सेहत को ही नहीं बल्कि त्वचा को भी काफी बुरी तरह से नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में त्वचा को खास ख्याल की जरूरत होती है। त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण हमारी त्वचा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है।

दरअसल, हवा में मौजूद धूल हमारी त्वचा की कोशिकाओं मे ऑक्सीजन के स्तर को कम कर देता है। त्वचा में ऑक्सीजन की कमी के कारण समय से पहले ही झुर्रियां पड़ जाती हैं। साथ ही यह धूल में मौजूद फ्री रेडिकल्स त्वचा को पूरी तरह से नष्ट करने के साथ ही कोलेजन को बनने से रोकता है।

प्रदूषण से सिर्फ झुर्रियां ही नहीं बल्कि त्वचा रुखी भी पड़ जाती है। त्वचा पर एलर्जी की वजह से जगह-जगह लाल धब्बे पड़ जाते हैं और कील मुहांसे भी काफी ज्यादा निकलने लगते हैं पर कुछ सावधानी रखकर आप अपनी त्वचा को को खराब होने से बचा सकती हैं।

प्रतिदिन हर 4 घंटे बाद अपने स्किन पर क्लींजर और टोनर लगाएं।

यूवी रेज से अपनी स्किन को बचाने और तरोताजा रखने के लिए रोजाना सन स्क्रिन जरूर लगाएं।

जीवाणुओं से होने वाले संक्रमण से बचने के लिए अपने हाथों पर हमेशा सेनिटाइजर लगाएं।

अपने चेहरे को बार बार हाथ न लगायें क्योंकि ऐसा करने से आपके हाथों के जीवाणु आपके चेहरे की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

हवा में मौजूद धूल आपकी त्वचा के रोम छिद्र को बंद कर देती है, जिससे त्वचा सांस नहीं ले पाती। इससे आपकी त्वचा में ब्लैक हेड्स और कील मुहांसे निकल आते हैं। इसलिए सप्ताह में 2 बार स्क्रब का इस्तेमाल जरूर करें, खासकर जिनकी तैलीय त्वचा है।

दिन में तकरीबन 4 लीटर तक पानी पिएं। घर से बाहर निकलते वक्त भी पानी पिएं। इससे शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई सही बनी रहेगी और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसें अगर ब्लड तक पहुंच भी जाएंगी तो कम नुकसान पहुंचाएंगी।

ऐसे जहरीले स्मॉग में बाहर जाना सबकी मजबूरी होती है लेकिन बाहर से आने के बाद अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से जरूर धोएं।

नहाने के बाद हल्के हाथों से तौलिए का इस्तेमाल करें। संभव हो तो नहाने के तुरंत बाद नारियल के तेल से या किसी ऑयली बॉडी लोशन से पूरे शरीर पर मसाज करें।



## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला में तेल बिक्री एक अरब डॉलर पार, अमेरिका में ही जमा होगी राशि

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि वेनेजुएला के कच्चे तेल की बिक्री से होने वाली आमदनी अब एक अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है और आगे से यह रकम कतर में बनाए गए अस्थायी खाते में नहीं, बल्कि सीधे अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट द्वारा नियंत्रित खाते में जमा की जाएगी। यह बदलाव ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ने एक सैन्य कार्रवाई में पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला की तेल बिक्री पर सीधा नियंत्रण कर लिया है। क्रिस राइट ने एक साक्षात्कार में बताया कि शुरुआत में लगभग 500 मिलियन डॉलर की तेल बिक्री राशि कतर में खोले गए एक खाते में जमा की गई थी, जिस पर पूरे समय अमेरिकी सरकार का नियंत्रण था। डेमोक्रेट सांसदों ने पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और वैधता पर सवाल उठाए हैं। सीनेटर चक शूमर (डी-न्यूयॉर्क) और एडम शिफ (डी-कैलिफोर्निया) ने गुरुवार को ऐसा कानून पेश किया है, जिसके तहत गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस को कतर खाते का स्वतंत्र ऑडिट करने का निर्देश दिया जाएगा। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, शुक्रवार को प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु के उत्तरी तट पर 6.32 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई पर था। शक्तिशाली झटकों के बावजूद, प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने राहत की खबर दी कि इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप के कारण किसी भी जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। वानुअतु रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है।

### इंडोनेशिया में 23 फीट का दुनिया का सबसे लंबा सांप, वजन 213 पाउंड, इंसान पर हमले के मामले दुर्लभ

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में मिले एक विशालकाय मादा रेटिकुलेटेड पाइथन ने वन्यजीव विज्ञान की दुनिया में नया अध्याय जोड़ दिया है। इस सांप का नाम रखा गया है इबु बैरोन, जिसका स्थानीय अर्थ भव्य या महारानी जैसी मादा माना जाता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया की अब तक सत्यापित रूप से मापा गया सबसे लंबा जंगली सांप घोषित किया है। इसकी लंबाई 23 फीट 8 इंच और वजन 213 पाउंड दर्ज किया गया है। नेशनल ज्योग्राफिक की रिपोर्ट के अनुसार इस ऐतिहासिक खोज के पीछे हैं खोजकर्ता और नेचुरल हिस्ट्री फोटोग्राफर राडू फ्रेंतिउ, जो पिछले दो दशकों से बाली में रह रहे हैं। बड़े सांपों से उनका पहले भी सामना होता रहा है, लेकिन इबु बैरोन ने उन्हें भी स्तब्ध कर दिया। उन्होंने कहा मैंने अपने जीवन में इतना बड़ा सांप कभी नहीं देखा। यह सांप आसानी से एक बछड़े को बल्कि शायद एक वयस्क गाय को भी निगल सकता है। पूरे इंडोनेशिया में जंगल कटने और शिकार घटने से बड़े सांप इंसानी इलाकों के करीब आ रहे हैं। रेटिकुलेटेड पाइथन जहरीले नहीं होते, लेकिन उनकी ताकत उन्हें खतरनाक शिकारी बना देती है। वे मवेशियों को मार सकते हैं और दुर्लभ मामलों में इंसानों पर भी हमला कर चुके हैं। डर के चलते इन्हें अक्सर मार दिया जाता है। स्थानीय संरक्षणवादी बुडी पुरवांतो ने खबर फैलते ही इबु बैरोन को बिकने या मारे जाने से बचाया और अपनी जमीन पर अस्थायी शेल्टर बनाया। फिलहाल वह वहां अन्य बचाए गए सांपों के साथ रह रही है। उसे जंगल में वापस छोड़ना जोखिम भरा माना गया, क्योंकि बड़े शिकार अब दुर्लभ हैं।

### युवराज पहलवी की अपील पर म्यूनिख में जुटे 2.5 लाख लोग, ईरान पर बढ़ रहा चौतरफा दबाव

**म्यूनिख, एजेंसी।** जर्मनी के म्यूनिख शहर में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन के दौरान ईरान की सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ। पुलिस के मुताबिक, इस विरोध प्रदर्शन में करीब 2,50,000 लोग शामिल हुए। यह रैली ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी की उस अपील का नतीजा थी, जिसमें उन्होंने तेहरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने की मांग की थी। म्यूनिख की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों ने ढोल बजाकर और सरकार बदलने के नारे लगाकर विरोध किया। यह प्रदर्शन पहलवी के 'ग्लोबल डे ऑफ एक्शन' का हिस्सा था, जिसका मकसद ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन दिलाना है। ऐसी ही रैलियों की अपील लॉस एंजिल्स और टोरंटो में भी की गई थी। प्रदर्शन में लोग 1979 की क्रांति से पहले वाले ईरान के झंडे लहरा रहे थे, जिन पर शेर और सूरज के निशान बने थे। एक मीडिया वार्ता में रेजा पहलवी ने चेतावनी दी कि अगर दुनिया के लोकतांत्रिक देश ईरान में हो रहे दमन पर चुप रहे, तो वहां और भी मौतें होंगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस खतरे के समय में दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी? उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सरकार टिकी रहती है, तो यह दुनिया के हर तानाशाह को संदेश देगा कि लोगों को मारकर सत्ता बचाई जा सकती है।

# आरोप- पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा

## इससे पहले लकवा फिर दर्दनाक मौत होती है, दक्षिण अमेरिकी मेंढक में मिलता है

**मॉस्को, एजेंसी।** यूरोप के पांच देशों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके विरोधी एलेक्सी नवलनी को 'एपिबैटिडीन जहर' देकर मारने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि यूरोप की लैब में नवलनी के शरीर के नमूनों की जांच में एपिबैटिडीन पाया गया। ये जहर रूस में प्राकृतिक रूप से नहीं मिलता। इन देशों ने कहा कि रूस के पास यह जहर देने के साधन, मकसद और मौका तीनों थे। उन्होंने रूस के खिलाफ केमिकल वेपन्स कन्वेंशन के उल्लंघन की शिकायत करने की बात कही है। नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक, ये जहर दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों की त्वचा में मिलता है। यह जहर पहले शरीर को लकवाग्रस्त करता है, फिर सांस लेने में दिक्कत पैदा करता है और आखिर में दर्दनाक मौत हो सकती है।



**एक डार्ट मेंढक का जहर 10 लोगों को मार सकता है :** डार्ट मेंढक करीब दो इंच लंबे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इतना जहर होता है कि वह लगभग 10 वयस्क लोगों को मार सकता है। इन मेंढकों की त्वचा से निकाले जाने वाले जहर को एपिबैटिडीन कहा जाता है। यह एक न्यूरोटॉक्सिन है, यानी ऐसा जहर जो सीधे नर्व सिस्टम पर असर करता है। इसे एक रासायनिक हथियार के रूप में भी जाना जाता है। डार्ट मेंढक का जहर धरती के सबसे घातक जहरों में गिना जाता है। यह मॉर्फीन से लगभग 200 गुना ज्यादा ताकतवर है। इससे शरीर को लकवा मार सकता है, सांस लेने में गंभीर दिक्कत पैदा हो सकती है और दर्दनाक मौत होती है। वैसे तो एपिबैटिडीन मेंढकों में प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन इसे लैब में भी बनाया जा सकता है। यूरोपीय वैज्ञानिकों को शक है कि इस मामले में इसे लैब में तैयार किया गया था।

**नवलनी आर्कटिक की जेल में सजा कर रहे थे :** नवलनी की 16 फरवरी 2024 को आर्कटिक की एक जेल में मौत हो गई थी, वो यहां 19 साल की सजा काट रहे थे। वे सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे और विरोध प्रदर्शन करते थे। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि रूस नवलनी को खतरे के रूप में देखता था और इस तरह का जहर इस्तेमाल कर उसने दिखाया कि वह राजनीतिक विरोध से कितना डरता है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए बायोलॉजिकल हथियार तक इस्तेमाल करने को तैयार हैं। नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने कहा कि उन्हें पहले दिन से यकीन था कि उनके पति को जहर दिया गया था और अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने पुतिन को हत्यारा बताते हुए जवाबदेह ठहराने की मांग की। वहीं रूसी अधिकारियों का कहना है कि नवलनी टहलने के बाद बीमार पड़े और उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी इन आरोपों को खारिज किया है।

**नवलनी को पहले भी जेल जहर देने की कोशिश हुई थी :** नवलनी पहले भी 2020 में जहर देने की कोशिश की गई थी। उस वक्त उन्हें 'नोविचोक' नाम का नर्व एजेंट दिया गया था। उन्होंने इसका आरोप क्रेमलिन पर लगाया था, लेकिन रूस ने इससे इनकार किया था। इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। ठीक होने के बाद जब वे रूस लौटे तो उन्हें तुरंत गिरफतार कर लिया गया और अपनी जिंदगी के आखिरी तीन साल जेल में बिताए। ब्रिटेन पहले भी रूस पर ऐसे हमलों का आरोप लगाता रहा है। 2018 में इंग्लैंड के सैलिस्बरी शहर में पूर्व रूसी एजेंट सर्गेई स्क्रिपल पर 'नोविचोक' नर्व एजेंट से हमला हुआ था। वे और उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। एक ब्रिटिश महिला डॉन स्टर्जेस की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की जांच में कहा गया था कि इस हमले को हाई लेवल से मंजूरी मिली होगी। इसी तरह 2006 में लंदन में पूर्व रूसी एजेंट अलेक्जेंडर लिट्विनेंको की रेडियोएक्टिव पदार्थ पोलोनियम-210 से मौत हुई थी।

# चीन का बड़ा कदम, 53 अफ्रीकी देशों पर मई 2026 से किया जीरो टैरिफ



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने घोषणा की है कि वह 1 मई 2026 से अपने साथ राजनयिक संबंध रखने वाले 53 अफ्रीकी देशों से होने वाले आयात पर जीरो टैरिफ लागू करेगा। सरकारी मीडिया के अनुसार यह कदम अफ्रीका के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और महाद्वीप में अपनी वरीयतापूर्ण व्यापार व्यवस्था का विस्तार करने के मकसद से उठाया गया है। अब तक चीन 33 अफ्रीकी अल्प-विकसित देशों (एलडीसी) के 97 से 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुंच देता था, जिसे 2024 में सभी उत्पादों तक विस्तारित किया गया। नया फैसला लगभग पूरे अफ्रीका पर लागू होगा। केवल इस्वातिनी को इससे बाहर रखा गया है, क्योंकि उसके ताइवान के साथ राजनयिक संबंध हैं। यह कदम ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के अफ्रीकन ग्रोथ एंड ऑपर्च्युनिटी एक्ट के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक साझेदारी समझौतों पर तनाव जारी है।

**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने की थी चीन यात्रा :** हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने चीन की यात्रा कर व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के व्यापार मंत्री पार्क्स टाउ और चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ के बीच एक गैर-बाध्यकारी रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर हुए। मार्च 2026 तक 'अर्ली हार्वेस्ट एग्रीमेंट' को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है, जिससे दक्षिण अफ्रीकी निर्यात को चीनी बाजार में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगी। जनवरी से अगस्त 2025 के बीच चीन-अफ्रीका व्यापार 15.4 प्रतिशत बढ़कर 222.05 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान चीन का अफ्रीका को निर्यात 24.7 प्रतिशत बढ़कर 140.79 अरब डॉलर रहा, जबकि अफ्रीका से आयात केवल 2.3 प्रतिशत बढ़कर 81.25 अरब डॉलर हुआ। परिणामस्वरूप 2025 के पहले आठ महीनों में अफ्रीका का व्यापार घाटा 59.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। अफ्रीका मुख्यतः कच्चे तेल, तांबा, कोबाल्ट और लौह अयस्क जैसे कच्चे संसाधनों का निर्यात करता है, जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच अफ्रीका ने चीन से 15,032 मेगावाट सौर पैनल आयात किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है।

## अल-फाशेर में तीन दिन तक हिंसा में मारे गए 6000 से अधिक लोग, अर्धसैनिक बल ने किए अत्याचार: यूएन की रिपोर्ट

**काहिरा, एजेंसी।** सूडान के दारफुर क्षेत्र में एक अर्धसैनिक समूह ने अक्तूबर के अंत में तीन दिनों तक अत्यधिक हिंसा की। इसकी भयावहता और क्रूरता हैरान करने वाली थी। इस हिंसा में छह हजार से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने यह जानकारी दी है। यूएन का कहना है कि सूडान के अल-फाशेर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के हमले में तीन दिनों में कम से कम छह हजार लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अल-फाशेर शहर पर कब्जा करने के लिए हमले में आरएसएफ बड़े पैमाने पर ऐसे अत्याचारों में शामिल था, जो युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराधों की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा, अल-फाशेर पर आखिरी हमले में आरएसएफ और उसके सहयोगी अरब मिलिशिया की ओर से किए गए मनमाने अपरा दिखाते हैं कि अपराध के लिए सजा न देने से हिंसा के निरंतर चक्र को बढ़ावा मिलता है। अपराधियों को सजा न मिलने हिंसा को मिल रहा बढ़ावा आरएसएफ और उसके



सहयोगी अरब समूहों ने 26 अक्तूबर को अल-फाशेर पर कब्जा कर लिया था। इन अरब समूहों को जनजावीद कहा जाता है। अल-फाशेर दारफुर में सूडानी सेना का आखिरी किला था। 18 महीनों की घेराबंदी के बाद आरएसएफ ने शहर और आसपास के इलाकों में लूटपाट की और जमकर हिंसा फैलाई। रिपोर्ट में सामूहिक हत्या और यौन हिंसा जैसे गंभीर अपराध का जिक्र संयुक्त राष्ट्र की 29 पन्नों की रिपोर्ट में कई खौफनाक अपराधों का विवरण दिया गया। इसमें सामूहिक हत्या, तुरंत फांसी, यौन हिंसा, फिरौती के लिए अपहरण, यातना और दुर्व्यवहार, हिरासत और गुमशुदगी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कई मामलों में ये हमले नस्ल या समुदाय के आधार पर किए गए थे। आरएसएफ ने इस मामले में ईमेल के जरिये पूछे गए सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।

# मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका ने एआई का किया था इस्तेमाल, रिपोर्ट में दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। सेना द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल, एआई कंपनियों के लिए बड़ी साख बढ़ाने वाला माना जाता है। हालांकि एंथ्रॉपिक के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हिंसा को



बढ़ावा देने, हथियार विकसित करने या निगरानी करने में इसका इस्तेमाल न किया जाए। इसके बावजूद इस ऑपरेशन में उपयोग किया गया। गौरतलब है कि मादुरो और उनकी पत्नी को कराकस से गिरफ्तार किया गया था। इस ऑपरेशन कई जगहों पर बमबारी के बाद अंजाम दिया गया। एंथ्रॉपिक के प्रवक्ता ने बताया कि 'क्लॉड का कोई भी इस्तेमाल, चाहे वह निजी क्षेत्र में हो या सरकार द्वारा हो, हमारी नीतियों के अनुसार होना चाहिए। हमारी नीतियां स्पष्ट हैं कि क्लॉड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। हम अपने साझेदारों के साथ मिलकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।' क्लॉड को तैनात किया गया क्योंकि पेंटागन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की डेटा कंपनी पेलान्टिर टेक्नोलॉजीज का एंथ्रॉपिक के साथ साझेदारी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक क्लॉड के उपयोग को लेकर एंथ्रॉपिक की चिंताओं के बाद अमेरिकी अधिकारी बड़ा फैसला ले सकते हैं। एंथ्रॉपिक के बयान के बाद अमेरिकी अधिकारी 200 मिलियन डॉलर तक के अनुबंध रद्द करने पर विचार कर रहे हैं। एंथ्रॉपिक के चीफ एग्जीक्यूटिव डारिओ अमोडेई ने कहाकि एआई के इस्तेमाल में नियम-निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। ताकि एआई से किसी तरह का नुकसान न हो। एंथ्रॉपिक कंपनी के अधिकारियों द्वारा जारी बयानों ने पेंटागन के साथ कांट्रैक्ट की राह में बाधा खड़ी कर दी है। रक्षा सचिव पीट हेगसेठ ने जनवरी में कहा था कि पेंटागन उन एआई मॉडल्स के साथ कोलैबोरेट नहीं करेगा, जो युद्ध लड़ने की अनुमति नहीं देते। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने एंथ्रॉपिक की चर्चाओं का हवाला देते हुए यह बात कही थी।

## 'भारत सफल उभरती अर्थव्यवस्था', संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बोले-AI शिखर सम्मेलन के लिए सबसे सही जगह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत की सराहना करते देश को एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था करार दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वैश्विक मामलों में भारत का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। इसलिए एआई पर होने वाला आगामी शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत सबसे सही स्थान है। दरअसल, भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से पूरी दुनिया को फायदा होना चाहिए और यह सिर्फ विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार नहीं बनना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में अधिक प्रभाव रखने वाली एक 'बेहद सफल' उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए सही जगह है। इंटरव्यू के दौरान एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और वैश्विक दक्षिण के देश भी एआई के लाभों का हिस्सा बनें।' बता दें कि 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह 'लोग, ग्रह और प्रगति' के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुटेरेस, जो एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य होगा कि एआई केवल सबसे विकसित देशों का विशेषाधिकार हो या केवल दो महाशक्तियों के बीच का विभाजन हो, जो स्पष्ट रूप से उनका अमेरिका और चीन की तरफ इशारा था। गुटेरेस ने कहा कि यह बिल्कुल आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक उपकरण बनाया जाए।

**एआई महाशक्तियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए :** गुटेरेस ने स्पष्ट किया कि एआई केवल सबसे विकसित देशों द्वारा नियंत्रित या दो वैश्विक महाशक्तियों के प्रभुत्व वाला उपकरण नहीं बनना चाहिए। सीधे तौर पर नाम लिए बिना, उन्होंने अमेरिका और चीन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के लाभ कुछ ही देशों तक सीमित रहना अस्वीकार्य होगा। इसके बजाय, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक दक्षिण के देशों को भी इस शक्तिशाली तकनीक के लाभों में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उनके अनुसार, एआई एक सार्वभौमिक उपकरण बनना चाहिए जो विश्व स्तर पर विकास, नवाचार और प्रगति का समर्थन करे।

**भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 :** 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा। इस आयोजन का मुख्य विषय होगाः लोग, ग्रह और प्रगति। विश्व के कई प्रमुख नेता और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अधिकारी इसमें शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा, गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई शामिल हैं। गुटेरेस स्वयं चर्चाओं में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे।

## अमेरिका में लापता हुए भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की मौत, 6 दिन बाद पाया गया शव

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के बर्कली में लापता हुए भारतीय छात्र का 6 दिन बाद शव पाया गया है। 22 साल के साकेत श्रीनिवासैया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में पोस्ट ग्रैजुएशन के छात्र थे और वह अचानक 9 फरवरी को लापता हो गए थे। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने उनके शव के पाए जाने की पुष्टि की है। मिशन की तरफ से कहा गया. हमें बेहद दुख है कि पुलिस ने बताया है कि साकेत श्रीनिवासैया की मौत हो गई है और उनका शव पाया गया है। हम साकेत के परिवार वालों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय मिशन ने कहा, हम साकेत के परिवार की हर संभव मदद करने को तैयार हैं। स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल के जरिए हम साकेत के पार्थिव शरीर को भारत भिजवाने का प्रबंध कर रहेहैं। हमारा कार्यालय परिवार के साथ सीधे संपर्क में है और सभी औपचारिकताओं के लिए भी हम परिवार के साथ खड़े हैं।

**कहां से लापता हो गए थे साकेत :** जानकारी के मुताबिक साकेत आखिरी बार बर्कली हिल्स इलाके में देखे गए थे। वह अंजा लेक के पास गए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उनका पासपोर्ट और लैपटॉप पास में ही पाया गया है। कर्नाटक के रहने वाले श्रीनिवासैया ने आईआईटी मद्रास से बीडटेक किया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका गए थे। 2025 में ही उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में ऐडमिशन लिया था। 13 फरवरी को कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव ने विदेश



सचिव विक्रम मिसरी को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया है कि साकेत के परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, बर्कले पुलिस विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। स्थिति की गंभीरता और राज्य में रह रहे उनके परिवार की बढ़ती चिंता को देखते हुए, शालिनी ने विदेश मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप और सहायता का अनुरोध किया था। साकेत के रूममेट ने ही सबसे पहले उनके गायब होने की बात सोशल मीडिया पर बताई थी और पुलिस से मदद मांगी थी। साकेत के कमरे में साथ रहने वाले बिनीत सिंह ने कहा कि इस घटना से यहां रहने वाला हर भारतीय स्तब्ध है। उन्होंने कहा, हम प्रशासन के साथ मिलकर साकेत के परिवार को इमर्जेंसी वीजा पर अमेरिका बुलाने का प्रयास कर रहे हैं। बिनीत ने कहा कि 9 फरवरी को लापता होने से पहले साकेत ज्यादा कुछ खाते-पीते नहीं थे। वह अकसर चिप्स खाकर ही रह जाते थे। हालांकि इसके अलावा उनके चहरे पर कोई तनाव नहीं दिखता था। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को भी श्रीनिवासैया ने उन्हें झील के किनारे बुलाया था।

# बांग्लादेश में नए पीएम का शपथ ग्रहण, भारत के अलावा 12 देशों को भी भेजा गया है न्योता

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के आम चुनावों में बीएनपी को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। इस समारोह का दिलचस्प पहलू यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं। समाचारपत्र 'प्रोथोम आलो' और 'इत्तेफाक' में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए।

**इन देशों को भेजा गया है न्योता :** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत-पाकिस्तान समेत 13 देशों को न्योता भेजा गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश ने भारत को न्योता भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ढाका जाना असंभव ही है। 17 तारीख को ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली है। ऐसे में किसी प्रतिनिधि को ढाका भेजा जा सकता है।

**पीएम मोदी का ढाका जाना मुश्किल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तारिक रहमान को सबसे पहले बधाई देने वाले नेताओं में शामिल थे। उनके संदेश के बाद बीएनपी ने कहा, 'बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशिता और प्रगतिशील विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति



संवेदनशीलता और अपने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में, भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़कर अपने बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।'

**शपथ ग्रहण के दौरान कई चुनौतियां :** तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा, '' पिछली संसद की अध्यक्ष को सांसदों को शपथ दिलानी होती है, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और अज्ञात स्थान पर रह रही हैं, जबकि उपाध्यक्ष जेल में हैं। इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संविधान में तय प्रावधान के अनुसार किसी और को शपथ दिलाने के लिए चुन सकते हैं।'' इससे पहले, कैबिनेट सचिव शेख अब्दुर राशिद ने कहा था कि संविधान के अनुरूप राष्ट्रपति नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच 13वें संसदीय चुनाव को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के बाद 15 वर्ष से अधिक समय तक शासन करने वालीं शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था, जिसके बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक हमले भी हुए थे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com